6. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन द्वारा उक्त बिन्दु 6 के अनुसार संग्रहित जैव निम्नकरणीय अपशिष्ट प्रतिदिन तथा पुनः चक्रणीय अपशिष्ट सप्ताह में एक दिन नगर पंचायत, के द्वारा निर्धारित समय, प्रक्रिया के अनुसार नगर पंचायत के कर्मचारी/सुविधा प्रचालक (operator of a facility) को देना होगा (किन्तु जीव नाशित कूड़ा, जीव अनाशित थैले में रखकर नहीं डाला जायेगा) जिसके लिए अनुसूची में निर्धारित दरें जो समय–समय पर संशोधित करी जा सकेगी के अनुसार उत्पादक व्यक्ति/स्थापन से प्रतिमाह सेवा शुल्क (user charges) लिए जायेंगे।

7. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन ढहान तथा निर्माण सम्बन्धी अपशिष्टों को उठाने के लिए नगर पंचायत से सम्पर्क कर पंचायत द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ऐसे अपशिष्टों को उठाने के लिये निर्धारित दर पर सेवा शुल्क (user charges) भुगतान करना होगा।

8. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन द्वारा जहां तक सम्भव हो बागवानी व सभी पेड़–पौधों के कूड़े परिसर में ही कम्पोस्ट करना होगा, जहां ऐसा करना सम्भव ना हो तो नगर पंचायत से सम्पर्क कर नगर पंचायत द्वारा निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ऐसे अपशिष्टों को उठाने के लिए निर्धारित दर पर सेवा शुल्क (user charges) भुगतान करना होगा। किसी भी दशा में ऐसे अपशिष्टों को जलाया नहीं जायेगा।

9. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन द्वारा परिसंकटमय (hazaradous) अपशिष्टों को अलग से जमा रखना होगा और पन्द्रह दिन में एक बार घर–घर (Door To Door) संग्रहण हेतु कर्मचारी/सुविधा प्रचालक को देना होगा।

10. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादक व्यक्ति/स्थापन जीव चिकित्सा अपशिष्टों का प्रबन्धन जीव–चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबन्धन एवं हस्तन) नियम 1998 के अनुसार करेगा, बिना उपचारित जैव–चिकित्सा अपशिष्टों को नगरीय ठोस अपशिष्टों में नहीं मिलायेगा।

11. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादन करने वाला/हथालन करने वाला व्यक्ति/स्थापन तथा अन्य कोई भी व्यक्ति नगरीय ठोस अपशिष्ट को न जलायेगा और न ही जलवायेगा।

12. नगरीय ठोस अपशिष्टों के उत्पादन, पृथक्करण, संग्रहण, भण्डारण, परिवहन तथा व्ययन से सम्बन्धित स्थल का निरीक्षण का अधिकार निरीक्षण अधिकारी को होगा।

13. निरीक्षण अधिकारी द्वारा स्थल पर गये नगरीय ठोस अपशिष्ट को यदि तत्काल उठाने की आवश्यकता समझी जाती है तो मासिक यूजर चार्जेस के अन्तर्गत निर्धारित नहीं है को अपशिष्ट उत्पादक के द्वारा अथवा नगर पंचायत/सुविधा प्रचालक तत्काल उठवाया जा सकेगा और उसके लिए स्थल पर ही यूजर चार्जेस वसूल किया जा सकेगा। जिसकी रसीद अपशिष्ट उत्पादक को दी जायेगी वह धनराशि उसी दिन अथवा अगले कार्य दिवस मे नगर पंचायत/सुविधा प्रचालक के खाते में जमा की जायेगी।

14. अनुसूची में दी गयी दरों में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी, जिसकी गणना रू0 5.00 (पाँच) के पूर्णांक में की जायेगी।

15. उपविधि में लगाये जाने वाले यूजर चार्जेस/सेवा शुल्क में छूट का प्राविधान नहीं होगा।

16. यह कि उपविधि में दिये गये किसी नियम का उल्लंघन करने पर यदि कोई व्यक्ति या परिवार जैविक–अजैविक कूडे को सडक व नाली में फेंकता है, तो प्रथम बार रू0 200.00 दूसरी बार पर रू0 500.00 एवं तीसरी बार मे रू0 1,000.00 पैनेल्टी देनी होगी।

17. यह कि यदि कोई व्यक्ति आवासीय एवं व्यवसायी भवन निर्माण हेतु निर्माण सामग्री 24 घण्टे के अन्दर सार्वजनिक सडक या नाली के उपर से नही हटाता है तो प्रथम बार रू 500.00, द्वितीय बार रू0 1,000.00 एवं तीसरी बार में रू 1,500.00 की पेनल्टी/अर्थदण्ड देनी होगी।

18. यह कि नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन के अर्न्तगत सेवा शुल्क (**User charges**) की दरें निम्नवत है।

अनुसूची–1 सेवा शुल्क (User charges) की दरें

क0 सं0	अपशिष्ट उत्पादक की श्रेणी/अपशिष्ट के प्रकार	जैविक–अजैविक कूडा अलग–अलग पहुचाने पर	मिश्रित कूडा सडक तक पहुचाने पर	जैविक–अजैविक कूडा घर/श्रोत पर ही अलग–अलग देने पर	जो व्यक्ति घर/श्रोत पर ही मिश्रित कूडा देने पर
1.	गरीबी रेखा से नीचे के घर	5	10	15	20
2.	मध्यम वर्ग कम आय वाले घर	10	15	20	25
3.	उच्च आय वर्ग वाले घर	15	20	25	30
4.	सब्जी एवं फल विक्रेता	100	200	100	125
5.	रेस्टोरेन्ट	250	500	200	250

6.	होटल/लाजिंग/गेस्ट हाउस	200	300	300	350
7.	धर्मशाला	20	30	40	50
8.	बरातघर	1000	1500	1000	1500
9.	बैकरी	150	200	150	200
10.	कार्यालय	50	100	50	75
11.	स्कूल/शिक्षण संस्थाएं (आवासीय)	100	200	200	200
12.	स्कूल/शिक्षण संस्थाएं (अनावासीय)	20	25	25	25
13.	हॉस्पिटल/नर्सिंग होम (बायोमेडिकल वेस्ट को छोड़कर)	200	400	200	250
14.	क्लीनिक (मेडिकल)	100	200	150	200
15.	दुकान	100	200	150	175
16.	फैक्ट्री/उद्योग	200	400	300	400
17.	वर्कशाप/कबाडी	1000	1500	500	700
18.	गन्ने का रस/जूस विक्रेता	50	100	125	150
19.	सार्वजनिक/निजी स्थलों पर सर्कस/प्रदर्शनी/विवाह आदि प्रति आयोजन जिसमें अपशिष्ट उत्पन्न होता हो	200	500	500	400
20.	ढहान तथा निर्माण सम्बन्धी अपशिष्ट	200	400	400	300

उपरोक्त विवरण के अलावा धार्मिक कार्य जैसे–भण्डारा, जागरण, शोभा यात्रा आदि पर उपरोक्त दरें लागू नही होगी।

शास्ति

उपरोक्त उपविधि का उल्लघंन उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 (उत्तराखण्ड मे यथापृवृत्त) की धारा 299 (1) एवं नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन नियमावली, 2011 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा, जो रू० 5000.00 (रू० पाँच हजार मात्र) तक हो सकेगा और जब ऐसा भग निरन्तर किया जाय, तो अग्रेत्तर जुर्माना किया जायेगा, जो प्रथम दोष सिद्धि के दिनांक के पश्चात ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसमें अपराधी का अपराध करते रहना सिद्ध हो, रू० 500.00 तक हो सकेगा। यह अधिकार अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार में निहित होगा।

शाहिद अली,
अधिशासी अधिकारी।

मयूर दीक्षित,
प्रभारी अधिकारी।

कार्यालय–नगर पंचायत पिरान कलियर, जनपद–हरिद्वार

सार्वजनिक सूचना

23 नवम्बर, 2015 ई0

पत्रांक–029/कर निर्धारण–उपनियम/2015–16–नगर पंचायत पिरान कलियर (हरिद्वार) नगर सीमान्तर्गत उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 कि धारा 298 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) की धारा–298 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा–128 के अन्तर्गत भवनों या भूमि या दोनो के वार्षिक मूल्य पर भवन/सम्पत्ति कर आरोपित करने के उद्देश्य से नगर पंचायत, पिरान कलियर (हरिद्वार) द्वारा "सम्पत्ति/भवनकर उपविधि–2015–16" बनायी गयी है, जो नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 301(1) के अन्तर्गत जनसामान्य एवं जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पडने वाला हो, उनसे आपत्ति एवं सुझाव आमन्त्रित किये जाने हेतु प्रकाशित की जा रही है।

अतः समाचार पत्र में उपविधि के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित सुझाव एवं आपत्तियाँ अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, पिरान कलियर (हरिद्वार) को प्रेषित की जा सकेगी। निर्धारित समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्तियों एवं सुझावों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

"सम्पत्ति/भवनकर उपविधि–2015–16"

1. संक्षिप्त नाम प्रसार और प्रारम्भ–

   क. यह उपविधि नगर पंचायत पिरान कलियर (हरिद्वार)"सम्पत्ति/भवनकरउपविधि –2015–16" कहलायेगी।

   ख. यह उपविधि नगर पंचायत पिरान कलियर (हरिद्वार) की सीमा मेंप्रवृत्त होगी।

   ग. यह उपविधि नगर पंचायत पिरान कलियर (हरिद्वार) द्वाराप्रख्यापित तथा शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।

2. परिभाषाऐं –

   किसी विषय या प्रसंग से कोई वादा प्रतिकूल न होने पर इस उपविधि में–

   (क) "नगर पंचायत " का तात्पर्यनगर पंचायत पिरान कलियर (हरिद्वार) से है।

   (ख) "सीमा " का तात्पर्यनगर पंचायत पिरान कलियर (हरिद्वार) की सीमाओं से है।

   (ग) "अधिशासी अधिकारी " का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी,नगर पंचायत,पिरान कलियर (हरिद्वार) से है।

   (घ) "अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी" का तात्पर्यनगर पंचायत,पिरान कलियर (हरिद्वार) केअध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/प्रशासक से है।

   (ड) "बोर्ड " का तात्पर्यनगर पंचायत,पिरान कलियर (हरिद्वार) के निर्वाचितबोर्ड से हैं।

   (च) "अधिनियम " का तात्पर्य उत्तर प्रदेश, नगर पालिका अधिनियम 1916(उत्तराखण्ड में यथावृत्त प्रभावी)(संशोधन)से हैं।

   (छ) "वार्षिक मूल्यांकन" का तात्पर्यनगर पालिका अधिनियम 1916की धारा–140 व धारा–141के अंतर्गत वार्षिक मूल्य से हैं।

   (ज) "सम्पत्ति/भवनकर " का तात्पर्यनगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा–128के अंतर्गत भवनों या भूमि दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर से हैं।

   (झ) "समिति " का तात्पर्यनगर पालिका अधिनियम 1916की धारा–104 केअंतर्गत गठित समिति से है।

   (ए) "भवन एवं भूमि " का तात्पर्यनिकाय सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि से है।

   (फ) "स्वामी " का तात्पर्य भवन एवं भूमि के स्वामी से है।

   (ब) "अध्यासी"का तात्पर्यनगर पंचायत पिरान कलियर (हरिद्वार) की सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि पर किराये में रहने वाले व्यक्तियों से है।

3. वार्षिक मूल्यांकन–नगर पंचायत पिरान कलियर (हरिद्वार) की सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि परसम्पत्ति/भवनकर निर्धारण हेतुनगर पालिका अधिनियम 1916की धारा–142(2) केअंतर्गत कर निर्धारण केप्रयोजन के लिए नगर पंचायतसमय–समय पर पारिश्रमिक सहित या रहित किसी व्यक्ति या व्यक्तियों चाहें वे सदस्य हों, या ना हो अथवा संस्था/एजेन्सी नियुक्त किया गया या किये गये

व्यक्ति/संस्था/एजेन्सी ऐसे प्रयोजन के लिए किसी सम्बद्ध सम्पत्ति का निरीक्षण कर सकते हैं सम्पत्ति/भवन करनिर्धारण हेतु नियमानुसार वार्षिक मूल्यांकन किया जायेगा।

(क) क्लब, स्टेडियमों, कॉलेजों, होटलों, कारखानों, वाणिज्यक भवनों और अन्य अनावासीय भवनों की दशा में भवन–निर्माण की वर्तमान अनुमानित लागत लो0नि0वि0 के प्रचलित शेड्यूल रेट और उससे अनुलग्न भूमि की अनुमानित मूल्य तत्समय प्रचलित सर्किल रेट को जोडकर निकाली गयी धनराशी का 5 प्रतिशत से अनाधिक पर वार्षिक मूल्यांकन का आंकलन किया जायेगा।

(ख) खण्ड (क) के उपबन्धो के अन्तर्गत न आने वाली किसी भवन या भूमि की दशा में, यथा स्थिति भवन की दशा में प्रतिवर्ग फुट कारपेट क्षेत्रफल पर लागू न्यूनतम मासिक किराया दर या भूमि की दशा में प्रतिवर्ग फुट क्षेत्रफल पर लागू न्यूनतम मासिक किराया भवन के कारपेट क्षेत्रफल या भूमि के क्षेत्रफल से गुणा किये जाने पर आये 12 गुना मूल्य से है और इस प्रयोजन के लिए प्रतिवर्ग फुट मासिक किराया दर पर इस प्रकार होगी, जैसे कि नगर पंचायत केअधिशासी अधिकारीद्वारा प्रत्येक दो वर्ष में एक बार भवन या भूमि की अवस्थित,भवन निर्माण की प्रकृति,भारतीय स्टॉम्प अधिनियम–1899 के प्रयोजन के लिए कलैक्टर द्वारा नियम सर्किल दर के आधार पर नियत किया गया/जाये और ऐसे भवन या भूमि के लिये क्षेत्रफल में चालू न्यूनतम दर और अन्य कारक इस प्रकार होंगे जैसे निहित किये जाये।

(ग) खण्ड (क) (ख) के अन्तर्गत न आने वाले किसी भवन या भूमि की दशा में यथास्थित,ऐसे आवासीय एवं अनावासीय (दुकानात) जो किराये पर उठाये गये हों, उनका वार्षिक मूल्यांकन शहर की प्रचलित बाजार दर अथवा उस क्षेत्र के लिए कलैक्टर द्वारा तत्समय किराये हेतु प्रचलित सर्किल रेट से जो भी अधिकतम हों, के अनुसार किराये के भवन के प्रतिवर्ग फिट या मीटर मासिक किराया दर पर निर्धारण करना होगा और मासिक किराये के 12 गुना पर वार्षिक मूल्यांकन निर्धारण हेतु किया जायेगा।

प्रतिबन्ध यह है कि जहाँ नगर निकाय कि राय में असाधारण परिस्थितियों के कारण किसी भवन का वार्षिक मूल्य,यदि उपर्युक्त निधि से गणना की गयी हो, अत्यधिक हो, वहाँ नगर पंचायत किसी भी कम धनराशि पर जो उसे समर्थपूर्ण उचित प्रतीत हो, वार्षिक मूल्य नियत कर सकती है।

1– वार्षिक मूल्य की गणना के प्रयोजन के लिये कारपेट क्षेत्र की गणना निम्नलिखित रूप से कि जायेगी–

(i) कक्ष– आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप,

(ii) आछादित बरामदा– आन्तरिक आयाम की पूर्ण माप,

(iii) बालकोनी, गलियारा, रसोई, घर और भण्डार गृह– आन्तरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप,

(iv) गैराज– आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप,

(v) स्नानागार, शौचालय, द्वारमण्डप और जीना से आछादित क्षेत्रफल, कारपेट क्षेत्रफल का अंग नही होगा।

2– उ0प्र0 शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम–1972 के प्रयोजन के लिये किसी भवन मानक किराया, या युक्तियुक्त वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक गणना करते समय हिसाब में नही लिया जायेगा।

3–सम्पत्ति/भवन कर निर्धारण हेतु वार्षिक मूल्यांकन हेतु सर्वेक्षण निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक भवन एवं भूमि का मौका पर निरिक्षण करने के उपरान्त यथास्थिति के अनुसार किया जायेगा।

4– भवन एवं भूमि के वार्षिक मूल्यांकन पर 10 प्रतिशत सम्पत्ति/भवन कर लिया जायेगा; परन्तु निम्नलिखित भवन एवं भूमि अथवा उसके भाग निम्नानुसार कर से मुक्त रहेंगे।

(क) मन्दिर,गुरूद्वारे,मस्जिद अथवा दूसरी धार्मिक संस्थाऐं जो सार्वजनिक तथा रजिस्टर्ड ट्रस्ट या संस्था के अधीन हो, परन्तु जो स्थान अथवा स्थानो के भाग से किराये या अन्य प्रकार से आय अर्जित की जाती हो उनपर छूट के नियम लागू नही होंगे।

(ख) अनाथालय,स्कूल,छात्रावास,चिकित्सालय,धर्मशालाएँ तथा इस प्रकार से अन्य भवन तथा भूमि जो इस प्रकार की दान की संस्थाओं की सम्पत्तियों और उन्ही संस्था द्वारा ऐसे कार्य करती हो।

(ग) नगर पंचायतपिरान कलियर (हरिद्वार) में निहित समस्त सम्पत्तियाँ।

5– कर निर्धारण सूचियों का प्रकाशन– भूमि एवं भवन के वार्षिक मूल्यांकन पर सम्पत्ति/भवन कर निर्धारण हेतु नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–141 के अधीन तैयार की गयी सूचियों का प्रकाशन जनसामान्य के

अवलोकनार्थ एवं निरीक्षण के लिए नगर पंचायत कार्यालय मेंअधिशासी अधिकारी द्वारा प्रदर्शित की जायेगी तथा सामाचार पत्र से इस आशय की सूचना प्रकाशित करते हुए अपील करनी होगी कि पंचवर्षीय गृहकर का निर्धारण किया जा चुका है,जिस किसी व्यक्ति अथवा भवन स्वामी या अध्यासी को कर निर्धारण सूची का अवलोकन एवं निरीक्षण करना हो वे नगर पंचायत कार्यालय में आकर कर निर्धारण सूचियों का अवलोकन एवं निरीक्षण कर सकते है, तथा प्रस्तावित कर निर्धारण की सूचना सम्बन्धित प्रत्येक भवन स्वामी को 15 दिन अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु दी जानी होगी और कर निर्धारण सुचियों में प्राप्त आपत्तियों को मोहल्लो/वार्ड द्वारा क्रम सं0 देते हुये आपत्ति एवं निस्तारण पंजिका में अंकित किया जायेगा।

6– आपत्तियों का निस्तारण– भूमि एवं भवन के वार्षिक मूल्यांकन अथवा कर निर्धारण पर प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई एवं निस्तारण हेतुनगर पालिका अधिनियम 1916की धारा–104 के अन्तर्गत गठित समिति अथवा समिति गठित न होने के फलस्वरूप अधिशासी अधिकारीद्वारा निम्न प्रकार किया जायेगा।

(i) प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई हेतु तिथि एवं समय नियत करते हुए आपत्तिकर्ता को लिखित सूचना प्रेषित करनी होगी,

(ii) आपत्तियों के निस्तारण की स्थिति एवं निर्णय सम्बन्धित पत्रावली अथवा आपत्ति निस्तारण पंजिका में जस्टीफिकेशन के साथ दर्ज करनी होगी,

(iii) शासनादेश सं0 2054/नौ–9–97–79ज/97 दिनांक 28.06.1997 द्वारा वार्षिक मूल्यांकन एवं कर निर्धारण पर प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई और निस्तारण दिये गये निर्देशानुसार दी जायेगी।

7– कर निर्धारण सूचीयों का अभीप्रमाणीकरण और अभिरक्षा–

(क) अधिशासी अधिकारीया इस निमित प्राधिकृत अधिकारी, यथास्थिति, नगर पंचायत क्षेत्र या उसके किसी भाग के क्षेत्रवार किराया दरों और निर्धारण सूची को अपने हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित करेगा।

(ख) इस प्रकार से अभिप्रमाणित सूची को नगर पंचायत कार्यलय में जमा किया जायेगा।

(ग) जैसे ही सम्पूर्ण नगर क्षेत्र की सूची इस प्रकार से जमा कर दी जाये वैसे ही निरीक्षण हेतु खुले होने के लिये सार्वजनिक सूचना द्वारा घोषणा की जायेगी।

(घ) कर निर्धारण सूचीयों में उपरोक्तानुसार सम्पूर्ण कार्यवाही होने के उपरान्त सम्पत्ति/भवन कर माँग एवं वसूली पंजिका में अन्तिम रूप से सूची दर्ज करते हुये नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–166 के अन्तर्गत दावों की वसूली हेतु अग्रेतर कार्यवाही शासन द्वारा समय–पर दिये गये निर्देशानुसार करनी होगी।

8– कोई भी व्यक्ति किसी समय भवनो की कर निर्धारण सूची पर अपना नाम बतौर स्वामी दर्ज करा सकता है और जिस समय तक आवेदन पत्र को अस्वीकार करने का काफी कारण ना हो उसका नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा अस्वीकृति का कारण लिख दिया जायेगा।

9– जब इस बात में शक हो कि भवन या भूमि पर जिसका नाम स्वामी के रूप में दर्ज किया जाये, तो बोर्ड या समिति या वह अधिकारी जिसको बोर्ड ने उत्तर प्रदेश नगर पालिका एक्ट–1916 की धारा 143–(3) के अधीन अधिकार दिया हो, यह तय करेगा कि किसका नाम स्वामी के तौर पर दर्ज होना चाहिए। इसका निश्चित उस समय तक लागू रहेगा जब तक सशक्त न्यायालय उसको रद्द न कर दे।

10– (1) अगर किसी ऐसे भवन या भूमि के स्वामी होने का अधिकार जिस पर कर लागू हो, हस्तान्तरित किया जाये तो अधिकार हस्तान्तरित करने वाला या जिसको हस्तान्तरित किया जाये, वह यदि कोई दस्तावेज न लिखी गयी हो तो अधिकार लेने की तिथि से और लिखी गयी हो तो दस्तावेज लिखे जाने या रजिस्ट्री होने या हस्तान्तरित होने की तिथि से तीन माह के अन्दर हस्तान्तरित होने की सूचना अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी को अथवा अधिशासी अधिकारी को देगा।

(2) किसी ऐसे भवन या भूमि का स्वामी जिस पर कर लागू है, की मृत्यू के पश्चात उसका उत्तराधिकार या जो जायदाद का स्वामी हो, इसी प्रकार स्वामी होने से तीन माह के अन्दर सूचना देगा।

11. (1) सूचना में जिसका विवरण पहले दिया गया है, उक्त नियम में उल्लिखित सभी विवरण सफाई से और ठीक तौर से दिये जायेगें।

(2) हर ऐसा व्यक्ति जिसको जायदाद हस्तान्तरित की गयी हो, अधिशासी अधिकारी के मांगने पर दस्तावेज (अगर लिखी गयी है) या उसकी एक प्रतिलिपि जो इंडियन रजिस्ट्रेशन एक्ट 1877 ई0 के अनुसार ली गयी हो, पेश करेगा।

12– उत्तर प्रदेश नगर पालिका एक्ट 1916 की धारा 151(2) के अधीन कर की थोडी माफी या ऐसी माफी के लिए भवन का स्वामी, जिसमें कई किरायेदार रहते हो, भवन पर कर लागू करने के समय बोर्ड से प्रार्थना कर सकता है कि तमाम भवन का कर लागू करने के अलावा हर इक भाग का वार्षिक मूल्य अलग अलग एक नोट में दर्ज किया जाये और जब कोई भाग, जिसका वार्षिक मूल्य अलग दर्ज हो, गया है, या किराये के सबे दिन या इससे अधिक समय के लिये किसी साल में खाली रहा हो तो कुल भवन के कर का वह हिस्सा माफ किया जाये, जो कि उक्त एक्ट की धारा 151 (1) के अधीन वापस या माफ किया जाता यदि भवन के भाग पर अलग कर लागू किया होता।

शास्ति

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा–299 (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके नगर पालिका एतद्द्वारा निर्देश देती है कि उपरोक्त उपविधि का उल्लघन करने के लिये के लिये अर्थदण्ड रू0 1000.00 (एक हजार) तक हो सकता है और यदि उल्लघन निरन्तर जारी रहा हो तो प्रथम दोषसिद्धी के दिनांक से ऐसे प्रत्येक दिन के लिये जिनके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता रहा है, अतिरिक्त जुर्माना किया जा सकता है, जो रू0 100.00 (एक सौ) प्रतिदिन तक हो सकता है।

शाहिद अली,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत पिरान कलियर,
जनपद–हरिद्वार।

मंगेश घिल्डियाल,
I.A.S.
ज्वाइंट मजिस्ट्रेट
/प्रभारी अधिकारी
नगर पंचायत पिरान कलियर।

कार्यालय–नगर पंचायत पिरान कलियर, जनपद–हरिद्वार

सार्वजनिक सूचना

28 दिसम्बर, 2023 ई0

पत्रांक–623/न0प0पि0क0–उपनियम/2023–24–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पिरान कलियर सीमान्तर्गत उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1916 कि धारा 298 क, 293, 294, व 296 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) की उपधारा–2 खण्ड (ज)(च) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत पिरान कलियर द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा–294 के तहत विभिन्न व्यवसायों पर लाइसेन्स शुल्क आरोपित करने के उद्देश्य से शासनादेश संख्या 399/वी–95–204(जनरल)/94 दिनांक 20.10.1994 के अनुसार विभिन्न व्यवसायों हेतु 'व्यवसायिक लाइसेन्स एवं शुल्क वसूली उपविधि 2014–15 बनायी गई है' जो उपविधि नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 301(1) के अन्तर्गत सरकारी गजट मे प्रकाशित होने के उपरान्त लागू होगी। परन्तु इससे पूर्व इस उपविधि को जनसामान्य से आपत्ति/सुझाव आंमत्रित करने हेतु प्रकाशन कराया जाना है। समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर जनसामान्य को लिखित मे आपत्ति/सुझाव/शिकायत देने होगें। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नही किया जायेगा तथा जनसामान्य एवं जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पडने वाला हो, उनसे आपत्ति एवं सुझाव हेतु समाचार पत्र में प्रकाशित की जा रही है।

'व्यवसायिक लाइसेन्स एवं शुल्क वसूली उपविधि – 2015–16

संक्षिप्त नाम प्रसार और प्रारम्भ–

क– यह उपविधि नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार 'व्यवसायिक लाइसेन्स एवं शुल्क वसूली उपविधि–2015–16' कहलायेगी।

ख – यह उपविधि नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार की सीमा में प्रवृत्त होगी।

ग – यह उपविधि नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार द्वारा प्रख्यापित्र तथा शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।

1. परिभाषाऐं –

किसी विषय या प्रसंग से कोई वादा प्रतिकूल न होने पर इस उपविधि में–

(क) " नगर पंचायत " का तात्पर्यनगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार से है।

(ख) " सीमा " का तात्पर्यनगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार की सीमाओं से है।

(ग) " अधिशासी अधिकारी " का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार से है।

(घ) " अध्यक्ष " का तात्पर्यनगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/प्रशासक से है।

(ड) " बोर्ड " का तात्पर्यनगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार के निर्वाचित बोर्ड से हैं।

(च) "अधिनियम " का तात्पर्य उत्तर प्रदेश, नगर पालिका अधिनियम 1916(उत्तराखंण्ड में यथावृत्त) संशोधन एवं उपान्तरण आदेश–2002 से हैं।

(छ) " लाइसेन्स " का तात्पर्य नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार की सीमान्तर्गत किये जाने वाले विभिन्न व्यवसायों के लाइसेन्स दिये जाने एवं उनसे निर्धारित शुल्क वसूली से हैं।

(ज) " अवधि " का तात्पर्य प्रत्येक वित्तीय वर्ष अथवा (1 अप्रैल से 31 मार्च) 1 वर्ष के लिए दिये जाने वाले व्यवसायिक लाइसेन्स से हैं।

अनुसूची

क्र.स.	मद का नाम	लाइसेन्स शुल्क की प्रस्तावित दर वार्षिक
1	2	3
1	होटल लार्जिंग/गैस्ट हाउस/आश्रम 10 शैया तक	500.00
2	होटल लार्जिंग/गैस्ट हाउस/आश्रम 11 से 20 शैया तक	1000.00
3	तीन सितारा होटल अथवा बिना स्टार 20 शैया से 30 शैया तक	3000.00
4	उपरोक्त 31 शैया से 40 शैया तक	4000.00
5	उपरोक्त 41 शैया से 50 शैया तक	5000.00
6	उपरोक्त 50 से ऊपर	6000.00
7	तीन सितारा होटल	8000.00
8	पॉंच सितारा होटल	10000.00

9	रेस्टोरेन्ट उच्च श्रेणी	2000.00
10	रेस्टोरेन्ट मध्यम श्रेणी	1000.00
11	रेस्टोरेन्ट सामान्य श्रेणी	500.00
	नर्सिंग होम	
12	नर्सिंग होम (20 बैड तक)	1000.00
13	नर्सिंग होम (20 बैड से ऊपर)	2000.00
14	प्रसूति गृह (20 बैड तक)	1000.00
15	प्रसूति गृह (20 बैड से ऊपर)	2000.00
16	प्राईवेट अस्पताल	3000.00
17	पैथोलॉजी सैन्टर	1000.00
18	एक्सरें क्लीनिक	1500.00
19	डेन्टल क्लीनिक	1000.00
20	प्राईवेट क्लीनिक	1500.00
	परिवहन	
21	घोडा तांगा	50.00
22	रिक्शा किराये पर	25.00
23	रिक्शा (निजी चालक)	25.00
24	ठेला/ठेली	25.00
25	हाथ ठेली	25.00
26	बैलगाडी/भैंसा गाडी/किराये पर चलना	25.00
27	ट्रैक्टर ट्राली/छोटा हाथी	100.00
28	अन्य चार पहिये के वाहन(व्यवसायिक प्रयोग हेतु सभी वाहन)	200.00
29	मोटर गैराज	300.00
30	स्कूटर गैराज/रिपेयरिंग शॉप	250.00
31	मोटर वाहन एजेन्सी (सैल्स/सर्विस)	2000.00
32	स्कूटर एजेन्सी (दो पहिया/तीन पहिया)	1500.00
33	साईकिल की दुकान	200.00
	पैट्रोलियम	
34	पैट्रोल/डीजल पम्प थोक विक्रेता कम्पनी	2000.00
35	पैट्रोल/डीजल पम्प फुटकर विक्रेता	1000.00
36	जनरेटर डीजल/ पैट्रोल	500.00
37	दुकान अन्य पैट्रोलियम उत्पादन	500.00
	अन्य व्यवसाय	
38	धुलाई गृह (लान्ड्री)	100.00
39	ड्राई क्लीनर	100.00
40	फाईनैन्स कम्पनी,चिट फन्ड	500.00
41	इन्सोरेन्स कम्पनी,प्रति शाखा	500.00
42	फाउन्डिंग इंजीनियरिंग इन्ड्रस्टियल	1000.00
43	आईस फैक्ट्री तथा कोल्ड ड्रिंक्स सोडा ऐस्टेड वाटर फैक्ट्री	1000.00
44	बिल्डर्स(रजिस्टर्ड)	2000.00
45	आटा चक्की	250.00
46	गूदड गोदाम	500.00
47	कंकड तथा सुखी की भट्टी	500.00
48	चूना	500.00
49	ईंट का भट्टा	5000.00
50	साबुन की फैक्ट्री	2000.00
51	लोहा,व्यापारी,टिम्बर,सीमेंट,ईंटा,बालू(थोक मोरंग,मारवल,टाईल्स,सेनेटरी,हार्डवेयर)	2000.00
52	फुटकर बिजली के सामान कि विक्रेता	500.00
53	कपडा थोक विक्रेता	1000.00
	कपडा फूटकर विकेता	500.00
54	कैटरिंग	500.00

55	बेकरी (भट्ठी)	500.00
56	बेकरी (पॉवर)	1000.00
57	हेयर कटिंग सैलून	100.00
58	ब्युटी पार्लर	250.00
59	कुकिंग गैस एजेन्सी	1000.00
60	जनरल मर्चेन्ट थोक	500.00
61	टेलरिंग हाउस(5 से अधिक कर्मचारी)	200.00
62	टेलरिंग हाउस(5 कर्मचारी तक)	100.00
63	कोयला (थोक विक्रेता)	200.00
64	कोयला (फुटकर विक्रेता)	100.00
65	बडी नावें,मोटर वोट	1000.00
66	छोटी नावें,मोटर वोट	500.00
67	पेन्ट की दुकान	500.00
68	ज्वैल्र्स (बडे) 5 लाख से ऊपर टर्नओवर	1000.00
69	ज्वैल्र्स (छोटे) 5 लाख तक टर्नओवर	500.00
70	विज्ञापन एजेन्सी	1000.00
71	डेयरी (दूध,दही,पनीर एवं दूध से बने अन्य पदार्थ)	500.00
72	भूसा (थोक विक्रेता)	500.00
73	भूसा (फुटकर विक्रेता)	250.00
74	आडियो/वीडियो लाईब्रेरी	500.00
75	मोबाईल विक्रेता/विभिन्न मोबाईल कम्पनीयों के रिचार्ज एवं मरम्मत की दुकान	500.00
76	केबिल टी0वी0	1000.00
77	आर्किटेक्ट,कम्सलटेन्ट,विधि चार्टेड एकाउन्टेन्ट,फास्ट एकाउन्टेन्ट	2000.00
78	अनाज,तिलहन,चीनी,गुड,खण्डसारी (थोक विक्रेता)	500.00
79	अनाज,तिलहन,चीनी,गुड,खण्डसारी (फुटकर विक्रेता)	300.00
80	आईस फैक्ट्री	500.00
81	टैन्ट हाउस	1000.00
82	राफ्टिंग	1000.00
83	जेम्स एण्ड हैण्डीक्राफ्ट इम्पोरियम (बडी दुकान)	1000.00
84	जेम्स एण्ड हैण्डीक्राफ्ट इम्पोरियम (छोटी दुकान)	500.00
85	रेडीमेट गारमेन्टस (बडी दुकान)	1000.00
86	रेडीमेट गारमेन्टस (छोटी दुकान)	500.00
87	टूर एण्ड ट्रैवल्स	2000.00
88	योग एवं ध्यान केन्द्र	1000.00
89	फोटोग्राफर	500.00
90	टूरिस्ट गाईड	500.00
	दुकान	
91	पान की दुकान	100.00
92	चाय की दुकान	200.00
93	जनरल मर्चेन्ट की दुकान	500.00
94	किताबों की थोक की दुकान	500.00
95	किताबों की फुटकर दुकान	200.00
96	न्यूज पेपर	200.00
97	लकडी के टाल की दुकान (थोक विक्रेता)	1000.00
98	लकडी के टाल की दुकान (फुटकर विक्रेता)	500.00
99	टिम्बर मर्चेन्ट	3000.00
100	रेडियो/मैकेनिक/टी0वी0 मरम्मत	200.00
101	टी0वी0 शॉप/इलेक्ट्रोनिक वस्तुऐं	500.00
102	फर्टिलाईजर शॉप	500.00
103	मिठाई कि दुकान	500.00
104	चाट/बताशे कि दुकान	200.00
105	ड्राई फ्रुट विक्रेता(थोक विक्रेता)	500.00

106	उ
107	म
108	र
109	म
110	प
111	प
112	ब्र
113	च
114	च
115	च
116	दे
117	नि
118	ब
119	भै
120	ब
121	अ
122	प्र
123	क
124	प्र
125	प्र

3–लाइसे
तथा आवेद
4– प्राप्त
का निर्णय
5–सूची मे
बनवाना अ
अवधि तक
की दर से
6– लाइसे
7–जांचकत
होगाा।
8–व्यवसा
सकता है,
द्वारा किय
9–लाइसेन्स
अपने पुराने
10–उक्त स
निरस्त कर
होगा।

उ
(1) के अन्त
जुर्माना लिय
सिद्ध हो जा
निहित होगा

अ

नगर

कार्यालय–नगर पंचायत पिरान कलियर, जनपद–हरिद्वार

सार्वजनिक सूचना

28 दिसम्बर, 2023 ई0

पत्रांक–624/न0प0पि0क0–उपनियम/2023–24–सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार द्वारा अपनी सीमान्तर्गत या भविष्य में विस्तार होने वाली सीमा में नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 298(2) के अन्तर्गत अश्लील एवं आपत्ति जनक विज्ञापनों एवं पोस्टरों आदि के प्रदर्शन पर नियन्त्रण रखने हेतु विज्ञापन शुल्क उपनियम सर्वसम्मति से पारित कर निम्नानुसार तैयार किया गया है। उक्त विज्ञापन उपनियम के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/अन्य को किसी प्रकार की शिकायत/आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह इस उपनियम के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर कार्यदिवस में अपनी लिखित शिकायत/आपत्ति/सुझाव कार्यालय नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार में प्रस्तुत कर सकता है। इस अवधि के बाद प्रस्तुत शिकायत/आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा।

विज्ञापन शुल्क उपनियम 2015

1–यह उपनियम नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार अश्लील तथा आपत्ति जनक फिल्म या पोस्टरों आदि के प्रदर्शन पर नियन्त्रण नियमावली 2015 कहलायेगी ।

2–इन नियमों में विज्ञापन का अर्थ किसी भी स्थान पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किये गये सूचना पट्ट, पोस्टर , होर्डिग , साईनबोर्ड , दिवारों आदि पर पेन्ट से लिखे गये या चौक से बनाये गये/लिखे गये एवं एक कट आउट, चलचित्र पर, केविल द्वारा विज्ञापनो से है जो नगर पंचायत के क्षेत्र मे अन्तर्गत है।

3–इमारत का तात्पर्य किसी भी प्रकार से बनाये गये ढॉचे से है जो किसी भी मैटीरियल से बनाया गया हो ।

4– कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार की सीमा अन्तर्गत किसी स्थान पर इमारत के किसी भाग पर या ढॉचे पर विज्ञापनार्थ किसी प्रकार का विज्ञापन, सूचना पट्ट, पोस्टर, बैनर या होर्डिग आदि विना नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार द्वारा नियुक्त पदाधिकारी की लिखित स्वीकृति प्राप्त किये बगैर नही लगायेगा ।

5–उपरोक्त उपनियम निम्नांकित पर लागू नही होगा ।

(अ) ऐसा विज्ञापन जो सरकारी अथवा राष्ट्रीय कार्यो हेतु स्थानीय विकास योजनाओं हेतु शासकीय प्रतिनिधि द्वारा प्रदर्शन हेतु लगाये जाय ।

(ब)ऐसे विज्ञापन या साईन बोर्ड जो किसी स्थानीय व्यापारी/दुकानदार द्वारा अपनी दुकान या निवास पर अपने व्यवसाय के सम्बन्ध में लगाया गया हो ।

(स) इसके अतिरिक्त किसी विशेष परिस्थितियों में निशुल्क विज्ञापन लगाने के लिए अधिशासी अधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त करना आवश्यक होगा ।

6–किसी भी विज्ञापन हेतु अनुमति प्राप्त करने के लिए पत्र विज्ञापन के लिपि लेखा सहित दो प्रतियों के साथ नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार कार्यालय में देना होगा ताकि अनुमति देते समय अधिशासी अधिकारी विज्ञापन की विषय– भाषा आदि की जॉच करने के पश्चात सस्तुति करेंगे कि विज्ञापन में किसी प्रकार की अश्लीलता या आपत्ति जनक भाषा या किसी समूह की भावनाओं को ठेस पहुचाने वाली बातें या सामुदायिक विष फैलाने वाली भाषा का प्रयोग तो नही किया गया है। इस प्रकार सन्तुष्ट हो जाने के बाद आवेदक को स्वीकृति प्रदान की जायेगी, किन्तु अधिशासी अधिकारी के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि वह जनहित में यदि आवश्यक समझें

तो अनुमति दे या न दें। अथवा किसी प्रतिबन्ध या शर्त के साथ अनुमति दे। ऐसी स्थिति में पीडित व्यक्ति अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार के सम्मुख एक सप्ताह के अन्दर अपनी याचिका प्रस्तुत कर सकता है, जिसपर अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा ।

इन उपनियमों में दी जाने वाली निर्गमन की अनुमति के लिए विज्ञापन शुल्क निम्न होगा।

1–1फुटx1फुट से 6 फुटx6 फुट तक साईज के होर्डिग/बोर्ड–	200/–वार्षिक
2–6फुटx6फुट से12फुटx10 फुट तक साईज के होर्डिग/बोर्ड–	400/–वार्षिक
3–12फुटx10फुट से20फुटx10 फुट तक साईज के होर्डिग/बोर्ड–	800/–वार्षिक
4–12फुटx10फुटसे40फुटx10फुट तक साईज के होर्डिग/बोर्ड	1500/–वार्षिक
5–विज्ञापन का इलक्ट्रौनिक डिस्प्ले 20 फुटx20 फुट	2000/–वार्षिक
6–दीवारों पर की जानेवाली पेन्टिंग विज्ञापन प्रतिवर्गमी0	20/ –प्रतिमाह
7–बिजली/टेलीफौन के खम्बों पर 2x2 फुट तक होर्डिग/बोर्ड प्रति पोल	10/– प्रतिमाह
8–बैनर कपडे का –प्रति बैनर	100/–प्रति माह
9–लकडी/लोहे के पाईप से सार्वजनिक सडक पर गेट बनाने /लगाने हेतु व्यापारिक दृष्टि से ।	250 प्रतिगेटप्रतिदिन
10– अन्य विज्ञापन इलक्ट्रोनिक डिस्पले बोर्ड	2000/– प्रतिविज्ञापन
11– बैलून /गुब्बारे पर विज्ञापन प्रतिदिन	100/– प्रतिदिन

प्रतिबन्ध यह है कि कुम्भ मेला अथवा अर्धकुम्भमेला पडने वाले वर्ष में विज्ञापन शुल्क दोगुना होगा तथा कम से कम 25 विज्ञापनों के लिए इलक्ट्रौनिक डिस्पले की आज्ञा दी जायेगी, जिसका शुल्क अग्रिम जमा करना होगा ।

8--नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार अधिशासी अधिकारी के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि इन उपविधियों का उल्लंघन करके यदि कोई विज्ञापन कही पर लगा दिया गया हो तो उसे हटा सकते है। और उसे हटाने में हुए व्यय को विज्ञापन मालिक या ऐंजेंण्ट से वसूल कर सकते है। यदि कोई व्यक्ति व्यय शुल्क जमा न करें अथवा विज्ञापन हटवाने के एक माह के अन्दर होर्डिग वापस करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत न करे तो विज्ञापन हटाने से एक माह बाद होर्डिग /साईन बोर्ड आदि नीलाम करा सकते है।

9– उपनियमों के प्रयोजनार्थ व्यक्ति, व्यक्तियों ,कम्पनी या फर्म के मालिकों, प्रबन्धकों ,ऐजेंण्टों या उनके कारिन्दों , जिनके द्वारा कोई विज्ञापन इन उपविधियों का उल्लंघन करते हुए लगाया या लगवाया गया हो,दोषी समझा जायेगा तथा दण्ड का भागी होगा ।

10–नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार प्रभारी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात सामाजिक, धार्मिक, एवं राजनैतिक कार्य सम्बन्धी विज्ञापन निशुल्क प्रदर्शित किये जा सकेंगे ।

11–नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार उपरोक्त विज्ञापनों का वार्षिक ठेका भी करा सकती हैं, जिसके लिए फर्मो/ब्यक्तियों/ऐजेंण्टों से कोटेशन अथवा बोंली ले सकती है। किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि ठेका लेने वाले व्यक्ति/फर्म को उपरोक्त सभी शर्तों का पूर्ण पालन करना होगा। शर्तों का उल्लंघन करने की दशा में ठेका निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर/अग्रिम रूप में जमा धनराशि को जब्त किया जा सकता है।

12—नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार को उपरोक्त उपविधियों के अन्तर्गत प्रत्यक्ष परिस्थितियों के आधार पर शर्तों एवं नियमों के अनुसार ठेका निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।

दण्ड—

उपरोक्त उपविधियों का उल्लघंन करके यदि कोई फर्म/ठेकेदार/व्यक्ति द्वारा किसी पोस्टर /होर्डिंग अथवा उपरोक्त कोई भी विज्ञापन कही पर लगा दिया जाता है। तो नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार उक्त विज्ञापन के हटाने के साथ ही उससे विज्ञापन का किराया सहित प्रथम दण्ड के रूप मे विज्ञापन किराये के 05 गुना आर्थिक दण्ड वसूल किया जायेगा। दूसरी बार उक्त अपराध उल्लंघन करने पर आर्थिक दण्ड के रूप में किराये के 10 गुना शुल्क भू–राजस्व की भाति वसूल किया जायेगा।

शाहिद अली,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत पिरान कलियर।

मंगेश घिल्डियाल,
I.A.S.
प्रभारी अधिकारी,
नगर पंचायत, पिरान कलियर/
ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, रूड़की।

कार्यालय–नगर पंचायत पिरान कलियर, जनपद–हरिद्वार

सार्वजनिक सूचना

28 दिसम्बर, 2023 ई0

पत्रांक–625/न0प0पि0क0–उपनियम/2023–24–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, पिरान कलियर, जिला हरिद्वार की सीमा के अन्तर्गत प्लास्टिक/पॉलीथीन/कैरीबेग नियन्त्रण उपविधि 2015 नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार द्वारा तैयार की गयी है। उक्त प्लास्टिक/पॉलीथीन/कैरीबेग नियन्त्रण उपविधि 2015 के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की शिकायत/आपत्ति अथवा कोई सुझाव हो तों वह इस उपविधि के प्रकाशन के 30 दिन के भीतर किसी भी कार्यदिवस में अपनी लिखित शिकायत/आपत्ति/सुझाव कार्यालय नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी शिकायत/आपत्ति/सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा।

प्लास्टिक/पॉलीथीन उपविधि 2015

संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और लागू होना –

(1) यह उपविधि नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार नगर की प्लास्टिक/पॉलीथीन/कैरीबैग नियंत्रण उपविधि 2015 कहलायेगी।

(2) यह उपविधि नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार के सीमान्तर्गत में प्रवृत्त होगी।

(3) यह उपविधि शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होगी।

4. परिभाषायें –

(1) जब तक इस विषय कें प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न हो इस उपविधि में

(क) एक्ट का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (यथा संशोधित) से है।

(ख) नगर पंचायत से तात्पर्य नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार से है।

(ग) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार में कार्यरत अधिशासी अधिकारी से है।

(घ) सफाई निरीक्षक का तात्पर्य नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार में कार्यरत सफाई निरीक्षक से है।

(ड़) अध्यक्ष का तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वार की सीमान्तर्गत स्थित जनता द्वारा नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार के बोर्ड का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया हो।

(च) नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार बोर्ड का तात्पर्य नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार के निर्वाचित/मनोनीत सदस्यों की कमेटी से है तथा ऐसी कमेटी के भंग होने की स्थिति में प्रशासक या उसके द्वारा प्रतिनिधानित व्यक्ति से है।

(छ) विक्रेता से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो वस्तुओं या साम्रगी को प्लास्टिक थैलो मे भरकर/पैक कर विक्रय करता है।

3. प्रतिषेध –

1 कोई भी व्यक्ति/व्यवसायी या दुकानदार नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारकी सीमा के अन्दर 40 माईक्रोन से कम मोटाई तथा 8X12 इंच (20X30 से0मी0) से कम आकार के प्लास्टिक कैरी बैंगो (थैलियों) का उत्पादन, भण्डारण, विक्रय और वितरण नही करेगा।

2– नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारकी सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति/व्यवसायी या दुकानदार खाद्य सामग्री के भण्डारण ले जाने, वितरण एवं पैकेंजिग के लिए पुनः चक्रित प्लास्टिक से बनें प्लास्टिक कैरी (थैलियों) या पात्रो का उपयोग नही करेगा।

3– अप्रयुक्त प्लास्टिक से बने प्लास्टिक कैरी बैग (थैली) व पात्र प्राकृतिक रंग अथवा सफेद रंग के होगें।

4– खाद्य सामग्री के भण्डारण या पैकेजिंग से भिन्न प्रयोजन के लिये पुनः चक्रित प्लास्टिक से बने कैरी बैग और पात्रो का विनिर्माण भारतीय मानक ब्यूरों के विनिर्देश भ0म0/9822 : 1981 के अन्तर्गत इंगित रंजको (पिगमैंट) एवं रंग को (कलरेन्ट) द्वारा किया जायेगा।

5– नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारकी सीमा के अन्दर कोई भी व्यक्ति/व्यवसायी या दुकानदार व्यक्तिगत स्थान/सार्वजनिक स्थान जैसे नदी/स्वमं की भूमि/नाली/मकान/ऑगन/बगीचा/शौचालय/मूत्रालय/दुकान के आगे पीछे ऐसे प्लास्टिक कैरी बैगों (थैलियो) या पात्रों/अनुपयोगी प्लास्टिक के डब्बे/बिस्कुट पैंकेटों के पॉली पैक रैपर्स/चायपत्ती के खाली रैपर्स/गुटको एंव पान मसालों के खाली रैपर्स जैसी अनुपयोगी वस्तुओं को नही रखेगा अथवा और न ही फेंकेगा जिससे पर्यावरण को क्षति हो, प्रदूषण हो जो मानव जीवन व पशु जीवन के लिये घातक हो तथा जिससे गन्दगी होने की सम्भावना हों।

6– नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारकी सीमा के अन्दर आने वाले सामान की पैकिंग के रूप में आने वाले प्लास्टिक/पॉलीथीन/गत्ता/चिल्ला जो भी हो उसे केता/विकेता अपने घर/दुकान में एक बर्तन में अलग से एकत्र कर रखेगा तथा उक्त क्षेत्र में कार्यरत नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारके सफाई कर्मी को उसकी ड्यूटी के दौरान सुपुर्द करेगा जिसे नगरीय ठोस अपशिष्ट (प्रबन्धन एवं हथालन) नियम–2000 के अनुसार नियमानुसार निस्तारित किया जायेगा।

7– सीमेन्ट के खाली बैग जो पॉली बैग मे आते हों जैसे रबर किस्म चिल्ला, चाय की पत्ती के खाली रैपर्स, पराग दुध या इस प्रकार दूध के अन्य रैपर्स , बिस्कूट पैकेटों के पॉली पैक रैपर्स/खाली डब्बे विभिन्न प्रकार के तम्बाकू/गुटको आदि समस्त प्रकार के प्लास्टिक पैक रैपर्स, जो अनुपयोगी हो जातें है को ऐसे सामान को केता/विकेता/मालिक या तो अपनी सुरक्षा में रखेगा या अपने घर/दुकान में एक बर्तन में एकत्र कर रखेगा जिसे सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारके सफाई कर्मचारी को उसकी ड्यूटी के समय दिया जायेगा जिसे नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारद्वारा उप नियमं –06 मे उल्लिखित विधि से निस्तारित किया जायेगा।

8– नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारकी सीमा के अन्दर प्रवेश करने/गुजरने वाले कोई भी वाहन चालक/यात्री नगर की सीमा में प्लास्टिक/पॉलीथीन की थैली/कैरीबैग/पैकेट/डब्बे/रैपर्स जो कि पॉलीथीन की श्रेणी मे हो और जिससे गन्दगी होने की सम्भावना हो, नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारकी

सडकों/गलियों या खुले स्थान/सार्वजनिक स्थान में नही फेकेगा बल्कि नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारके कूडेदान मे ही डालेगा। इसी प्रकार से नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत सीमा के भीतर किसी भी प्रकार से सार्वजनिक स्थानो में अपने घरो का कूडा–करकट, भवन निर्माण साम्रगी आदि नाली /मार्गो में नही फेकेगा।

9– नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारकी सीमा के अन्दर किसी भी व्यक्ति/व्यक्तियों, भवन स्वामी/स्वामियों, किरायेदारों कूलियो, मजदूरी के अगल–बगल जिसकी सीमान्तर्गत ऐसी प्लास्टिक/पॉलीथीन/कैरी बैग या अन्य प्रकार का प्लास्टिक/पॉलीपैक जैसे पराग दूध के अनुपयोगी या इसी प्रकार के अन्य अनुपयोगी प्लास्टिक/पॉलीपैक सामग्री जिससे गन्दगी उत्पन्न होने की सम्भवना हो, वह दण्डनीय अपराध के अन्तर्गत माना जायेगा। क्योकि 40 माईक्रोन से कम मोटाई की प्लास्टिक को कानूनन शहरी क्षेत्र में पूर्ण रूप से वर्जित किया जा चुका है।

शास्ति

1– जो कोई भी व्यक्ति/व्यक्तियों/दुकानदार या फर्मो द्वारा इस उपविधि के किसी अंश या उसके तहत आदेश का उल्लंघन किया जायेगा, वह रूपये 5,000/–(रू0 पांच हजार मात्र) जुर्माने अथवा एक माह के कारावास अथवा दोनो से दण्डनीय होगा ओर यदि उल्लंघन निरन्तर जारी रहता है तो वह रू0 100/–(एक सौ मात्र) प्रतिदिन की दर से अतिरिक्त दण्डित होगा।

2– जो कोई भी व्यक्ति/व्यक्तियों/व्यवसायी/दुकानदार या कम्पनियों द्वारा इस उपविधि के अधीन किसी भी रीति से अपराध करने अपराध में सहायता दुष्प्रेरणा करता है या उपसाधक है, वह दोष सिद्व होने पर अपराध के लिए चिन्हित करावास से दण्डित किया जायेगा।

3– नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारके अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारका कोई भी अधिकारी/कर्मचारी को अधिकार होगा कि वह इस प्रकार के अपराधों के लिए तात्कालिक रूप से विक्रेता को अथवा क्रेता को रू0 100/– (रू0 एक सौ मात्र) से रू0 500/–(रू0 पांच सौ मात्र) तक का अर्थदण्ड अपने विवेक से दे सकते है।

4– नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारसीमा के अन्तर्गत कोई भी विक्रेता दुकानदार सब्जी विक्रेता फल विक्रेता भिन्न प्रकार के व्यवसायो से यदि कोई क्रेता द्वारा प्लास्टिक में सामान पैंक करने की मॉग की जाती है तो विक्रेता को यह बाध्यता होगी कि वह 40 माईक्रोन तथा 8X12 इंच तथा 40 माईक्रोन की कैरीबेग को नियत राशि के तहत कैरीबेगविक्रय करेगा यदि विक्रेता द्वारा क्रेता को प्रतिबन्धित की गयी कैरीबेग को विक्रय करते हुये पाया जाता है तो उस विक्रेता पर दण्डस्वरूप मौका स्थल पर 100/– रूपये से 200/–रू0 तक अर्थदण्ड होगा यदि उल्लघन जारी रखता है तो विक्रेता के विरूद्व सक्षम न्यायालय में नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी और जो भी नगर पंचायत पिरान कलियर जिला हरिद्वारका व्यय भार निर्धारित किया जायेगा, उसके लिये विक्रेता पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा।

5– नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 274 के तहत कुडा करकट, विष्ठा आदि के अनुचित निस्तारण के लिए शास्ति – जिन भवन या भूमि से कोई संतापकारी पदार्थ, कूडा–करकट, विष्ठा या लोथ, खण्ड (ख) के अधीन नियत किसी स्थान या धारा 273 की उपधारा (1) क खण्ड (क) के अधीन व्यवस्थित किसी पात्र से भिन्न अन्यथा किसी सार्वजनिक स्थान या सडक के किसी भाग पर या किसी सार्वजनिक सीवर या नाली मे या किसी सार्वजनिक सीवर या नाली से मिलने वाली किसी नाली मे फेंका या जमा किया जाता है, ऐसे भवन या भूमि या अध्यासी और कोई ऐसा व्यक्ति जो उपधारा के खण्ड (ग) के अधीन जारी किये गये (नगर पंचायत) के किसी निर्देश का उल्लंघन करता है, दोषसिद्व ठहराये जाने पर 1000 रूपयें से अनधिक के जुर्माने से दण्डनीय होगा।

शाहिद अली,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत पिरान कलियर,
जनपद–हरिद्वार।

मंगेश घिल्डियाल,
I.A.S.
ज्वाइंट मजिस्ट्रेट
/प्रभारी अधिकारी
नगर पंचायत पिरान कलियर।

कार्यालय–नगर पंचायत पिरान कलियर, जनपद–हरिद्वार

सार्वजनिक सूचना

28 दिसम्बर, 2023 ई0

पत्रांक–626/न0प0पि0क0–उपनियम/2023–24–नगर पंचायत, पिरान कलियर जनपद हरिद्वार द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) के अनुकूलन एंव उपान्तरण आदेश की धारा 298 (2) लिस्ट (जे0) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत पिरान कलियर के निर्माण कार्यो के सम्पादन करने हेतु ठेकेदारों के पंजीकरण एंव नियत्रंण के लिए ठेकेदारों के पंजीकरण एंव नियत्रंण उपविधि बनायी गयी है, जो नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 301(1) के अन्तर्गत जनसामान्य अथवा जिन पर इसका प्रभाव पडने वाला है, से आपत्तियां एंव सुझाव आमन्त्रित करने हेतु प्रकाशित की जा रही है। अतः समाचार पत्र मे प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित सुझाव एंव आपत्तियां अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, पिरान कलियर को प्रेषित की जा सकेगी। बाद मियाद प्राप्त आपत्तियां एवं सुझावों पर विचार नही होगा।

ठेकेदारी पंजीकरण एंव नियत्रंण उपविधि 2015–16

1.परिभाषाएं–

(1) यह उपविधि नगर पंचायत, पिरान कलियर जनपद हरिद्वार के ठेकेदारी पंजीकरण एंव नियत्रंण उपविधि 2015 कहलायेगी, जो शासकीय गजट मे प्रकाशित होने की तिथि से लागू एंव प्रभावी होगी।

(2) वह उत्तराखण्ड राज्य का मूल निवासी हो।

(3) निकाय– निकाय का तात्पर्य नगर पंचायत, पिरान कलियर से है।

(4) बोर्ड का तात्पर्य नगर पंचायत, पिरान कलियर के निर्वाचित अध्यक्ष/सभासदों से है।

(5) अधिनियम– अधिनियम का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 (उत्तराखण्ड मे यथा प्रवृत्त) संशोधन एंव उपान्तरण आदेश 2002 से है।

(6) अध्यक्ष– अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत, पिरान कलियर के अध्यक्ष से है।

(7) प्रभारी अधिकारी– प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत, पिरान कलियर के प्रभारी अधिकारी से है।

(8) प्रशासक– प्रशासक का तात्पर्य नगर पंचायत, पिरान कलियर के प्रशासक/जिला मजिस्ट्रेट, हरिद्वार से है।

(9) ठेकेदार– ठेकेदार का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जो नगर पंचायत, पिरान कलियर मे समस्त निर्माण कार्य, पुनर्निर्माण, सामग्री आपूर्ति एंव अन्य कार्य जो संविदा के अन्तर्गत आते हो, को करने का इच्छुक व्यक्ति/फर्म हो।

(10) श्रेणी– श्रेणी का तात्पर्य ठेकेदार की प्रथम, द्वितिय एंव तृतीय श्रेणी से है।

2. पंजीकरण की प्रकियाः–

नगर पंचायत, पिरान कलियर जिला हरिद्वार के निर्माण कार्य (सडक/नाली/नाला/ पुस्ता/अन्य) एंव भवन के निर्माण आदि कार्यो के सम्पादन तथा सामग्री आपूर्ति हेतू ठेकेदार की तीन श्रेणियां होगी। इच्छुक व्यक्ति प्रथम, द्वितिय व तृतीय श्रेणी मे निम्न शर्तो/औपचारिकताओं को पूर्ण कर अपना पंजीकरण करा सकता हैः–

(1) वह भारत का नागरिक हो तथा नगर पंचायत, पिरान कलियर सीमान्तर्गत या जनपद हरिद्वार मे कम से कम 5 वर्ष से निवास करता हो, अथवा उत्तराखण्ड राज्य का निवासी हो, का प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो सहित देनी होगी तथा मूल निवास प्रमाण पत्र व पैन कार्ड नम्बर देना अनिवार्य होगा।

(2) जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र (जो छः महीने की अवधि के अन्दर का हो)।

(3) जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त हैसियत प्रमाण पत्र (श्रेणीवार हैसियत सीमा निम्न प्रकार निर्धारित की जाती है)।

अ– प्रथम श्रेणी के लिए	10.00 लाख
ब– द्वितिय श्रेणी के लिए	05.00 लाख
स– तृतीय श्रेणी के लिए	03.00 लाख

(4) **प्रथम श्रेणी मे** पंजीकरण कराने हेतू लोक निर्माण विभाग, जल निगम, सिंचाई विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद, जल संस्थान एंव जिला पंचायत आदि विभागो मे कम से कम सडक/नाली/नाला आदि एंव भवन निर्माण का 05 वर्ष कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र एंव एक वित्तिय वर्ष मे 50.00 लाख के अनुबन्ध (बाण्ड) पत्र देने होगे। इसके अतिरिक्त स्वय का तकनीकी अभियन्ता एंव टी0एण्ड0पी0 (मिक्सचर मशीन/बाइबरेटर /जे0सी0बी0/रोड रोलर/प्रिमिक्सिंग मशीन) आदि होने आवश्यक होगे। अनुभव प्रमाण पत्र अधिशासी अभियन्ता/अधिशासी अधिकारी/अपर मुख्य अधिकारी के हस्ताक्षर से जारी किया गया मान्य होगा।

(5) **द्वितीय श्रेणी मे** पंजीकरण कराने हेतु उपरोक्त विभागो मे कम से कम 05 वर्ष कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र एंव एक वित्तिय वर्ष मे 25.00 लाख के अनुबन्ध (बाण्ड) पत्र देने अनिवार्य होगे (अनुभव प्रमाण पत्र उपरोक्तानुसार जारी ही मान्य होगा)।

(6) **तृतीय श्रेणी मे** पंजीकरण हेतू उत्तराखण्ड सरकार/भारत सरकार के किसी भी विभाग तथा प्रथम श्रेणी के ठेकेदार द्वारा जिसके साथ कम से कम 03 वर्ष कार्य किया हो; का अनुभव प्रमाण पत्र देना होगा।

(7) प्रत्येक ठेकेदार, आयकर एंव व्यापार कर विभाग मे पंजीकृत होना अनिवार्य है, तथा आयकर एंव व्यापार कर का पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रार्थना पत्र के साथ उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

(8) ठेकेदार का पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, पिरान कलियर मे निहित होगा।

3– जमानत राशि–

ठेकेदार को निम्न श्रेणी के अनुसार स्थायी जमानत राशि जो राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) अथवा किसान विकास पत्र के रूप मे अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, पिरान कलियर के नाम से बन्धक कर आवेदन पत्र के साथ देनी होगी।

अ– प्रथम श्रेणी के लिए	20,000.00
ब– द्वितिय श्रेणी के लिए	15,000.00
स– तृतीय श्रेणी के लिए	10,000.00

4– पंजीकरण शुल्कः–

ठेकेदार को निम्न श्रेणी के अनुसार पंजीकरण शुल्क की धनराशि नगद रूप मे नगर पंचायत, पिरान कलियर के कोष मे जमा करनी होगी।

(अ)– प्रथम श्रेणी के लिए	8,000.00
(ब)– द्वितिय श्रेणी के लिए	5,000.00
(स)– तृतीय श्रेणी के लिए	3,000.00

5– पंजीकरण की अवधिः–

प्रत्येक वर्ष मे माह 01 अप्रैल से 31 जुलाई तक ठेकेदारों के पंजीकरण किये जायेगे। पंजीकरण हेतू निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप रू0 100.00 नगर पंचायत कोष मे जमा कर कय करना होगा तथा पंजीकरण हेतू आवेदन पत्र निर्धारित रूप मे ही मान्य होगा, जो अवर अभियन्ता की संस्तुति पर अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जायेगा तथा अगर उक्त अवधि के अर्न्तगत ठेकेदार अपना पंजीकरण नही करा पाता है तो नियत शुल्क के अतिरिक्त पंजीकरण कराने हेतू रू0 1000.00/– अधिक देना होगा। यह सुविधा वर्ष के माह सितम्बर तक ही मान्य होगी।

6–नवीनीकरण की प्रकियाः–

(1) ठेकेदारों को प्रत्येक 2 वर्ष मे निम्न श्रेणी के अनुसार अपना नवीनीकरण कराना होगाः–

(2) नवीनीकरण कराने की अवधि 01 अप्रैल से 31 जुलाई तक होगी। इसके पश्चात नवीनीकरण कराने पर प्रतिमाह रू0 1,000.00 विलम्ब शुल्क का भुगतान कर नवीनीकरण किया जायेगा।

(3) नवीनीकरण से पूर्व प्रत्येक ठेकेदार को एक निर्धारित प्रारूप पर जिसका मुल्य रू0 100.00 होगा, नगर पंचायत, पिरान कलियर कार्यालय से कय कर विगत वर्ष मे किये गये कार्यो का विवरण देना होगा।

(4) नवीनीकरण शुल्क निम्न श्रेणी के अनुसार नगर पंचायत, पिरान कलियर के कोष मे जमा कराने तथा
विगत वर्ष मे किये गये कार्यो के विवरण पर नगर पंचायत, पिरान कलियर के अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान की जायेगीः–
(अ) प्रथम श्रेणी के लिए 5,000.00
(ब) द्वितिय श्रेणी के लिए 3,000.00
(स) तृतीय श्रेणी के लिए 2,000.00

(5) अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि यह किसी भी ठेकेदार के पंजीकरण के नवीनीकरण को उसके त्रुटिपूर्ण कार्य के लिए रोक सकता है अथवा निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी मे निहित होगा।

(6) ठेकेदार का रजिस्ट्रेशन/पंजीकरण करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी मे निहित होगा।

(7) ठेकेदार द्वारा नगर पंचायत द्वारा दिये गये निर्माण कार्यो के ठेके मे ठेकेदार निर्धारित मानको के अनुरूप कार्य नही करता है तो उस ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार बोर्ड/अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी, नगर पंचायत, पिरान कलियर मे निहित होगा, जिसके सम्बन्ध मे उम्बन्धित ठेकेदार किसी भी न्यायालय मे वाद दायर नही करेगा।

7– <u>निर्माण कार्य की निविदा प्रपत्र लेने की सीमाः–</u>

प्रत्येक श्रेणी के ठेकेदारों को निम्नानुसार निर्माण कार्य की निविदा प्रपत्र (टेण्डर फार्म) लेने का अधिकार होगाः–
(1) प्रथम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदार सभी प्रकार (असीमित धनराशि के) निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र (टेण्डर फार्म) लेने का अधिकार होगा।
(2) द्वितीय श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदार रू0 05.00 लाख तक के निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र (टेण्डर फार्म) लेने का अधिकार होगा।
(3) तृतीय श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदार रू0 3.00 लाख तक के निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र (टेण्डर फार्म) लेने का अधिकार होगा।

8– <u>निविदा प्रपत्र का मूल्यः–</u>

निविदा प्रपत्र का मुल्य निर्माण कार्य के व्यय अनुसार (आगणन) धनराशि पर निम्न प्रकार निर्धारित किया जायेगा।

	कार्यो की लागत (रूपये मे)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रूपये मे)
अ–	रू0 1,00,000.00 तक	100.00
ब–	रू0 1,00,001/– से 2,00,000/– रू0 तक	200.00
स–	रू0 2,00,001/– से 3,00,000/– रू0 तक	300.00
द–	रू0 3,00,001/– से 4,00,000/– रू0 तक	400.00
य–	रू0 4,00,001/– से 5,00,000/– रू0 तक	500.00
र–	रू0 5,00,001/– से 6,00,000/– रू0 तक	600.00
ल–	रू0 6,00,001/– से 7,00,000/– रू0 तक	700.00
व–	रू0 7,00,001/– से 8,00,000/– रू0 तक	800.00
क–	रू0 8,00,001/– से 9,00,000/– रू0 तक	900.00
ख–	रू0 9,00,001/– से 10,00,000/– रू0 तक	1000.00

निरन्तर .....

प्रत्येक ठेकेदार विभागीय कार्यो का ठेका लेने के लिए नगर पंचायत, पिरान कलियर से निविदा प्रपत्र नकद मूल्य देकर खरीदेगा। निविदा प्रपत्र मूल्य जमा होने के पश्चात किसी स्थिति मे न तो वापिस होगा और न ही आगामी निविदाओं मे समायोजित होगा। निविदा प्रपत्र नगर पंचायत, पिरान कलियर के पंजीकृत ठेकेदारों को ही विक्रय किया जायेगा।

9– <u>निविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकारः–</u>

16– जमानत जब्त करने का अधिकारः–

यदि ठेकेदार नगर पंचायत, पिरान कलियर के उपनियमों या ठेके की शर्तो अनुबन्ध–पत्र का उल्लघंन कर नगर पंचायत, पिरान कलियर को कोई हानि पहुँचाता है या उपविधि के नियम 13 के विपरित कार्य करता है तो ऐसी दशा मे अवर अभियन्ता एंव अधिशासी अधिकारी की जॉच आख्या/संस्तुति पर अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी को ठेकेदार की जमानत जब्त करने का अधिकार होगा। यदि इसके बाद भी नगर पंचायत, पिरान कलियर की क्षतिपूर्ति न हो सकें तो शेष राशि ठेकेदार की सम्पत्ति से भू–राजस्व के बकाये की भांति वसूल की जायेगी।

शाहिद अली,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत पिरान कलियर,
जनपद–हरिद्वार।

मंगेश घिल्डियाल,
I.A.S.
ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, रूड़की
/प्रभारी अधिकारी
नगर पंचायत पिरान कलियर,
जनपद–हरिद्वार।

कार्यालय–नगर पंचायत पिरान कलियर, जनपद–हरिद्वार

नगर पंचायत पिरान कलियर–प्रस्तावित उपविधि

28 दिसम्बर, 2023 ई0

पत्रांक–627 / न0प0पि0क0–उपनियम / 2023–24–नगर निगम अधिनियम की धारा 541(1)(42) के एवं पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 (1986 का 29) की धारा 3, 6 एवं 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में केन्द्र सरकार द्वारा बनायी गयी ठोस कचरा प्रबन्धन नियमावली 2016 के नियम 15(ङ), 15(च) एवं् 15(यच) के अन्तर्गत शक्तियों के प्रयोग में नगर पंचायत पिरान कलियर द्वारा बनाए गए निम्नलिखित ठोस कचरा प्रबन्धन के लिए उपविधियों को अपने क्षेत्राधिकार में नगर पंचायत पिरान कलियर के अधिवेशन दिनांक 02.07.2019 में प्रस्ताव सं0 02 के माध्यम से रखा गया एवं आपत्ति एवं सुझाव हेतु विशेष संकल्प से पारित हुआ।

अध्याय–1

सामान्य

1. संक्षिप्त नाम और लागू होने की तारीख :
2. (1) ये उप–नियम नगर पंचायत पिरान कलियर ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन उप–नियम, 2019 कहलाएंगे।
   (2) ये उप–नियम नगर पंचायत पिरान कलियर के सरकारी गजट उत्तराखण्ड में प्रकाशित होने की तारीख से प्रभावी होंगे।
   (3) नगरीय ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन उपविधि 2009, गजटनोटिफिकेशन 16 जुलाई 2010 द्वारा प्राख्यापित उपविधि नगर पंचायत पिरान कलियर ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन उप–नियम, 2019 लागू होने की तिथी से स्वतः समाप्त हो जायेगी।

2. ये उप–नियम नगर पंचायत पिरान कलियर की सीमाओं के भीतर लागू होंगे।
3. परिभाषाएं

(1) जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस उप नियमों में निम्नांकित परिभाषाएं लागू हैं:–

(क) "बल्क उद्यान और बागवान कचरा" का अर्थ हैं, उद्यानो, बागो आदि से उत्सर्जित बल्क कचरा, जिसमें घास कतरन, खरपतवार,कार्बनयुक्त काष्ठ ब्राउन सामग्री जैसे पेड़ों की छटाई से उत्पन्न कचरा, पेडो की कटिंग,टहनियां, लकडी की कतरन, भूसा, सूखी पत्तियां, पेडों की छटाई आदि से उत्पन ठोस कचरा, जो दैनिक जैव अपघटीय कचरे के संकलन में समायोजित नही किया जा सकता हैं।

(ख) "बल्क कचरा उत्सर्जन का अर्थ हैं कि ठोस कचरा प्रबंधन नियम,2016(जिसे बाद में यहा एस.डब्ल्यू.एम नियम कहा जाएगा) के नियम 3(1) (8) के अंतर्गत परिभाषित बल्क कचरा उत्सर्जक और सम्बद्ध वार्ड कार्यालय के सहायक आयुक्त या उससे वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा अधिसूचित ठोस कचरा उत्सर्जक;

(ग) "संग्रह" का अर्थ है, कचरा उत्सर्जन के स्रोत से ठोस कचरे को उठाना और संग्रहण बिंदुओं या किसी अन्य स्थान तक पहुचाना;

(घ) "सक्षम प्राधिकारी" का अर्थ हैं नगर पचांयत अध्यक्ष, अथवा उसके द्वारा अधिकृत कोई व्यक्ति।

(ड) "निर्माण एवं विध्वंस कचरा" का वही अर्थ होगा,जो निर्माण एवं विध्वंस कचरा नियम, 2016 नियम 3(1)(ग) में परिभाषित किया गया हैं।

(च) "स्वच्छ क्षेत्र" का अर्थ है, किसी परिसर के सामने और चारो ओर या निकटवर्ती फुटपाथ तक विस्तारित स्वच्छ सार्वजनिक स्थल, जिसमें नाली,फुटपाथ और पटरी के किनारे शामिल हैं, जिनका रख–रखाव इन उपनियमों के अर्न्तगत किया जाना हैं।

(छ) "सामुदायिक कूडा घर (ढलाव)" का अर्थ है, नगर पंचायत द्वारा स्थापित और संचालित अथवा एक या अधिक परिसरों के मालिकों और/या अधिभोगियों द्वारा मिल कर सडक किनारे/ऐसे मालिकों/अधिभोगियों के किसी एक परिसर में अथवा समक्ष अधिकारी द्वारा अधिकृत उनके साझा परिसर में पृथक्कृत ठोस कचरे के संग्रहण के लिए स्थापित और संचालित कोई संग्रह केंद्र;

(ज) "कंटेनराइज्ड हैड कार्ट" का अर्थ है, ठोस कचरे के बिन्दु दर बिन्दु संग्रह हेतु नगर पंचायत या उसके द्वारा नियुक्त ऐजेंसी/एजेंट द्वारा प्रदत्त ठेला;

(झ) "सुपुर्दगी" का अर्थ है किसी भी श्रेणी के ठोस कचरे को नगर पंचायत के वर्कर या ऐसे कचरे की सुपुर्दगी के लिए नगर पचायंत द्वारा नियुक्त, प्राधिकृत या लाइसेंस प्रदत्त व्यक्ति को सौपना अथवा उसे नगर पंचायत या नगर पचांयत द्वारा अधिकृत लाइसेंस प्रदत्त एजेंसी द्वारा प्रदान किए गये वाहन में डालना;

(ञ) "ई–कचरा" का अर्थ वही होगा, जो ई–कचरा (प्रबंधन) नियम,2016 के नियम 3(1)(आर) में निर्दिष्ट किया गया हैं;

(ट) "फिक्स्ड कम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन (एफसीटीएस) " का अर्थ है, एक ऊर्जा चालित मशीन, जिसका डिज़ाइन बिखरे हुए ठोस कचरे को कम्पैट करने के लिए किया गया है और प्रचालन के समय स्थिर रहती हैं। प्रचालन के समय कम्पैक्टर मोबाईल भी हो सकती हैं, जिसे मोबाईल ट्रांसफर स्टेशन (एमटीएस)कहा जा सकता है;

(ठ) "कूडा–कचरा" का अर्थ है, सभी प्रकार का कूडा और उसमें कोई भी ऐसा कचरा पदार्थ शामिल जिसे फेकना अथवा संग्रह करना इन उप–नियमों के अंतर्गत प्रतिबंधित है और

ऐसा करने से किसी व्यक्ति,जीव जंतु को परेशानी होने या पर्यावरण अथवा सार्वजनिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के प्रति खतरा पहुचाने की आशंका हो।

(ड) "गंदगी फैलाने" का अर्थ है, किसी ऐसी बस्ती में गंदगी उत्सर्जित करना, डालना, दबाना अथवा तत्संबंधी अनुमति देना, जहां वह गिरती, ढलती, बहती, धुल कर, रिस कर अथवा किसी अन्य तरीके से पहुचती हो अथवा गंदगी के उत्सर्जित होने, बह कर आने, धुल कर आने या अन्य किसी तरह से खुले या सार्वजनिक स्थल पर आने की आशंका हो।

(ढ) "स्वामी" का अर्थ है, जो किसी भवन, या भूमि या किसी भाग के मालिक के रुप में अधिकारों का इस्तेमाल करता हैं;

(ण) "अधिभोगी/पट्टेदार" का अर्थ है, ऐसा व्यक्ति जो किसी भूमि या भवन या उसके हिस्से का अधिभोगी/पट्टेदार हो, इसमें ऐसे व्यक्ति भी शामिल है, जो तत्समय किसी प्रयोजन के लिए किसी भूमि या भवन या उसके हिस्से का इस्तेमाल कर रहा हैं।

(त) "पैलेटाइजेशन" का अर्थ है, एक प्रक्रिया, जिसमें पैलेट तैयार की जाती हैं, जो ठोस कचरे से बने छोटे क्यूब अथवा सिलिंडरीकल टुकडे होते हैं; और उनके ईधन पैलेट्स भी शामिल होते हैं, जिन्हे रिफ्यूज डेराइब्ड ईधन कहा जाता हैं।

(फ) "निर्धारित" का अर्थ है, एसडब्यूएम नियमो और/या इन उप नियमों द्वारा निर्धारित;

(ब) "सार्वजनिक स्थल" का अर्थ है, कोई ऐसा स्थान,जो आम लोगों के इस्तेमाल और मनोरंजन के लिए सहज सुलभ हैं, भले ही वह वास्तव में लोगों द्वारा इस्तेमाल या उपभोग किया जा रहा हो या नही;

(भ) " संग्रहण" का अर्थ है, ठोस कचरे को अस्थायी तौर पर इस तरह से संग्रह करना जिससे गंदगी न फैले और मच्छर आदि कीटों,आवारा पशुओं और अत्यधिक बदबू का प्रकोप रोका जा सके;

(म) "सैनेटरी वर्कर" का अर्थ है, नगर पंचायत के इलाकों में ठोस कचरा एकत्र करने या हटाने अथवा नालियो को साफ करने के लिये नगर पंचायत/एजेंसी द्वारा नियोजित व्यक्ति;

(य) "शेड्यूल" का अर्थ है, इन उप नियमों से सम्बद्ध शेड्यूल;

(र) "इस्तेमालकर्ता शुल्क/प्रभारी" का अर्थ है, नगर पंचायत द्वारा समय–समय पर सक्षम प्राधिकारी के सामान्य या विशेष आदेश के जरिए कचरा उत्सर्जक पर लगाया गया शुल्क या प्रभार, ताकि ठोस कचरा संग्रह, ढुलाई, प्रोसेसिंग और निपटान सेवाओं की आंशिक अथवा पूर्ण लागत कवर की जा सकें;

(ल) "खाली प्लाट " का अर्थ है, प्राइवेट पार्टी,/व्यक्ति/सरकारी एजेंसी से सम्बद्व कोई ऐसी भूमि या खुला स्थाल, जिस पर किसी का कब्जा न हो;.

(2) यहां प्रयुक्त लेकिन परिभाषित न किए शब्दों और अभिव्यक्तियों, का अर्थ वही होगा, जो ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 और निर्माण एवं विध्वंस कचरा प्रबंधन नियम 2016 में अभिप्रेत होगा।

अध्याय –2

ठोस कचरे का स्रोत पर पृथक्करण और संग्रहण

4. ठोस कचरे का स्रोत पर पृथक्करण और संग्रहण

(प) सभी कचरा उत्सर्जकों के लिए अनिवार्य होगा कि वे उनके स्वयं के स्थलों से उत्सर्जित होने वाले ठोस कचरे को नियमित रूप से पृथक करें और उसे संगृहीत करें। यह पृथक्करण मुख्य रूप से निम्नांकित 3 वर्गों में किया जायेगा:–

(क) गैर–जैव अपघटीय या सूखा कचरा

(ख) जैव अपघटीय या गीला कचरा

(ग) घरेलू जोखिमपूर्ण कचरा और तीनो श्रेणियों के कचरे को कवर्ड कचरा डिब्बो में रखा जाएगा तथा समय समय पर जारी नगर पंचायत के निर्देशों के अनुसार पथ्थकृत कचरे को निर्दिष्ट कचरा संग्रहकर्ताओं को सौपेगा।

(पप) प्रत्येक बल्क कचरा उत्सर्जक के लिए अनिवार्य होगा कि वह स्वयं के स्थलों पर उज्सर्जित ठोस कचरे को पृथक करे और उसे संगृहीत करे निम्नाकित 3 वर्गों में:–

(क) गैर–जैव अपघटीय या खुश्क कचरा

(ख) जैव अपघटीय या गीला कचरा

(ग) उपयुक्त कूडेदानों में जोखिमपूर्ण कचरा, जैविक (गीला) कचरे को अपने परिसर में प्रोसेस कर कम्पोस्ट या बायोगैस आदि तैयार करना एवं पृथक्कृत कचरे को अधिकृत कचरा संग्रहण एंजेसी जरिए अधिकृत कचरा प्रसंस्करण अथवा निपटान केंद्रो या संग्रहण केंद्रो को सौपेगा और उसके लिए को नगर पंचायत द्वारा समय समय पर निर्धारित ढुलाई शुल्कों का भुगतान अधिकृत कचरा संग्रह एजेंसी को करेगा।

(पपप) पृथक किए गए कचरे के संग्रहण के लिए कूडेदानों का रंग इस प्रकार होगा:–

हरा:– जैव अपघटीय कचरे के लिए;

नीला:– गैर–जैव अपघटीय या खुश्क कचरे के लिए;

काला:– घरेलु जोखिम पूर्ण कचरे के लिए

(पअ) सभी निवासी कल्याण और बाजार संगठन, नगर पंचायत के भागीदारी से, यह सुनिश्चित करेंगे कि उत्सर्जकों द्वारा स्रोत पर कचरे का पृथक्करण किया जाए,पृथक किए गए ठोस कचरे को अलग अलग डिब्बों में संगृहीत किया जाए और फिर से इस्तेमाल करने वालों को सौपी जाएं। जैव अपघटीय कचरें की प्रोसेंसिग,उपचार और निपटान कम्पोस्टिंग अथवा बायो–मिथेनेशन तकनीक के जरिए यथासंभव परिसर के भीतर ही किया जाएगा। इससे बचे कचरे को नगर पंचायत द्वारा निर्देशित कचरा संग्रहकर्ताओं या एजेंसी को दिया जाएगा।

(अ) 5000 वर्गमीटर क्षेत्र से अधिक क्षेत्र कब्जा रखने वाले सभी द्वारबंद समुदाय तथा संस्थान नगर पंचायत की भागीदारी के साथ,सुनिश्चित करेंगे कि उत्सर्जकों द्वारा कचरे का स्रोत पर पृथक्करण हो, पृथक किए गए कचरे को अलग अलग डिब्बों में रखेंगे और पुनः उपयोग आने वाली सामग्री को अधिकृत कूडा संग्रहकर्ताओं या अधिकृत पुनः इस्तेमाल करने वाले को सौपेगें। जैव अपघटीय कचरे की प्रोसेसिंग, उपचार और निपटान कम्पोस्टिंग अथवा बायो–मिथेनेशन तकनीक के जरिए यथासंभव परिसर के भीतर ही किया जाएगा। इससे बचे हुए कचरे को नगर पंचायत द्वारा निर्देशित कचरा संग्रहकर्ताओं या एजेंसी को दिया जाएगा।

(अप) सभी होटल और रेस्त्रां, नगर पंचायत के भागीदारी सें, कचरें का स्रोत पर पृथक्करण सुनिश्चित करेंगे, पृथक किए गए गये ठोस कचरे को अलग अलग डिब्बे में संग्रहीत करेगें और फिर से इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री अधिकृत कचरा संग्रहकर्ताओं

अथवा अधिकृत पुनः इस्तेमाल करने वालो को सौपेगे। जैव अपघटीय कचरे की प्रोसेसिंग, उपचार और निपटान कम्पोस्टिंग अथवा बायो–मिथेनेशन तकनीक के जरिए यथासंभव परिसर के भीतर ही किया जाएगा। इससे बचे हुए कचरे को नगर पंचायत द्वारा निर्देशित कचरा संग्रहकर्ताओं या एजेंसी को दिया जाएगा।

(अपप) कोई व्यक्ति गैर–लाइसेंसी स्थान पर कोई ऐसा कार्यक्रम आयोजित नही करेगा, जिसमें 100 से अधिक व्यक्ति एकत्र हों, ऐसा करने के लिए यह जरुरी होगा कि अनुसूची में निर्धारित इस्तेमालकर्ता शुल्क का भुगतान करते हुए नगर पंचायत को कम से कम 3 कार्य दिवस अग्रिम लिखित जानकारी देनी होगी और ऐसा व्यक्ति या आयोजक यह सुनिश्चित करेगा कि ठोस कचरे को स्रोत पर अलग अलग किया जाए, ताकि नगर पंचायत द्वारा निर्धारित संग्रहकर्ता या एजेंसी को सौपा जा सकें।

(अपपप)सेनिटरी उत्पादों से उत्सर्जित कचरे को तत्संबेधी विनिर्माताओं या ब्रॉड मालिकों द्वारा प्रदान किए गए पाउचों अथवा अखबारों या उपयुक्त जैव अपघटीय संलेपन सामग्री में सुरक्षित तरीके से संलेपित किया जाए और उसे गैर–जैव अपघटीय या खुश्क कचरे के लिए बनाए गए कूडेदान में रखा जाना चाहिए।

(पग) प्रत्येक गली विक्रेता अपने क्रियाकलाप के दौरान उत्सर्जित होने वाली खाद्य सामग्री, निपटान योग्य प्लेटें, कप, डिब्बे; पैपर्स, नारियल के खोल, बचा खुचा भोजन, सब्जियां, फल आदि को अलग अलग करके उपयुक्त कूडेदानो में संग्रहित करेगा और उसे नगर पंचायत द्वारा अधिसूचित डिपो या कंटेनर या वाहन को सौपेगा।

(ग) उद्यान और बागवानी के कचरा उत्सर्जक अपने परिसर में उत्सर्जित कचरे को अलग से एकत्र करेंगे और समय समय पर नगर पंचायत के निर्देशों के अनुसार उसका निपटान करेंगे।

(गप) घरेलू जोखिमपूर्ण कचरे को प्रत्येक कचरा उत्सर्जक द्वारा स्टोर किया जाएगा और उसे नगर पंचायत या उसके द्वारा अथवा उत्तराखण्ड सरकार या प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा ऐसे कचरे का संग्रह के लिए साप्ताहिक/समय समय पर उपलब्ध कराए गए वाहन तक पहुचाया जाएगा अथवा ऐसे कचरे को उत्तराखण्ड सरकार या राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अधिसूचित तरीके से निपटान के लिए निर्दिष्ट कचरा संग्रह केंद्र तक पहुंचाया जाएगा।

(गपप) निर्माण कार्यो और भवनों को ढहाए जाने से उत्सर्जित कचरा, निर्माण एवं विध्वंस कचरा प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार अलग से एकत्र और निपटान किया जायेगा।

(गपपप)बायो मेडिकल कचरा, ई–कचरा, जोखिमपूर्ण रासायनिक एवं औद्योगिक कचरा बिना उपचारित किए ठोस कचरे में मिश्रित नही किया जाएगा। ऐसे कचरे का निपटान पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत बनाए गए तत्संबंधी नियमों के अनुसार किया जाएगा।

(गपअ)निर्दिष्ट बूचडखानों और बाजारों को छोड कर अन्य परिसरों के प्रत्येक ऐसे मालिक/कब्जाधारी, जो किसी वाणिज्यिक गतिविधि के परिणाम स्वरुप पोल्ट्री, मछली और पशुवध संबंधी कचरा उत्सर्जित करते हो, उन्हे ऐसे कचरे को अलग से बंद कंटेनर में स्वास्थ्यकर स्थिति में एकत्र करना होगा और रोजमर्रा के आधार पर निर्दिष्ट समयानुसार नगर पंचायत द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्रदान किए गए कचरा

वाहन/स्थल तक पहुचाना होगा। ऐसे कचरे को सामुदायिक कूड़ा घरो में डालना निषेध होगा।

(गअ)पृथक किए गए जैव अपघटीय ठोस कचरे को यदि उत्सर्जकों द्वारा कम्पोस्ट न किया गया हो, तो उसे उन्हे अपने परिसर में अलग से एकत्र करना होगा और उसकी डिलिवरी निगम श्रमिक/वाहन/कचरा एकत्रकर्ता/कचरा संग्रहकर्ता अथवा बल्क में जैव अपघटीय कचरा उत्सर्जित करने वाले निर्दिष्ट वाणिज्यिक उत्सर्जकों के लिए प्रदान कराए गए कचरा संग्रह वाहन तक पहुंचाया जाएगा। यह सुपुर्दगी समय समय पर अधिसूचित समयानुसार करनी होगी।

अध्याय–3

ठोस कचरा संग्रह

5. ठोस कचरे का संग्रह निम्नांकित अनुसार किया जाएगा:–

(प) नगर पंचायत के सभी क्षेत्रों या वार्डो में पृथक किए गए ठोस कचरे को घर घर जाकर संग्रह करने के बारे में एसडब्लूएम नियमों का अनुपालन किया जाएगा, जिनके अनुसार मलिन और अनौपचारिक बस्तियों सहित दैनिक आधार पर प्रत्येक घर से कचरा एकत्र किया जाएगा। इसके लिए घर घर जाकर कचरा एकत्र करने की अनौपचारिक प्रणाली को नगर पंचायत संग्रह प्रणाली के साथ एकीकृत किया जाएगा।

(पप) प्रत्येक घर से कचरा एकत्र करने के लिए क्षेत्रवार विशेष समय निर्धारित किया जाएगा और उसे सम्बद्ध क्षेत्र में खास खास स्थानों पर प्रचारित किया जाएगा और नगर पंचायत वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। घर घर जाकर कचरा एकत्र करने का समय सामान्यतया प्रातः 6 बजे से 11 बजे तक निर्धारित किया जाएगा। व्यापारिक प्रतिष्ठानों, वाणिज्यिक क्षेत्रों में दुकानों या किसी अन्य संस्थागत कचरा उत्सर्जकों से कचरा एकत्र करने का समय प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा अथवा नगर पंचायत द्वारा समय समय पर निर्धारित समय पर होगा।

(पपप) कचरे को स्व–स्थाने प्रोसेस करने वाले बल्क कचरा उत्सर्जकों से अवशिष्ट ठोस कचरे को एकत्र करने का प्रबंध किए जाएगे।

(पअ) सब्जी फल, फूल, मांस, पॉल्ट्री और मछली बाजार से अवशिष्ट ठोस कचरे को रोजमर्रा के आधार पर एकत्र किया जाएगा।

(अ) बागवानी और उद्यान संबंधी कचरा अलग से एकत्र किया जाएगा और उसका निपटान किया जाएगा। इस प्रायोजन के लिए सप्ताह में एक या दो दिन निर्दिष्ट किए जाएंगें।

(अप) फलों और सब्जी बाजारों, मांस और मछली बाजारों, बल्क बागवानी और उद्यानों से उत्सर्जित जैव अपघटीय कचरे का अनुकूलतम इंस्तेमाल करने और संग्रहण एवं ढुलाई की लागत में कमी लाने के लिए ऐसे कचरे को उस क्षेत्र के भीतर प्रोसेस या उपचारित किया जाएगा, जिसमें वह उत्सर्जित होता हैं।

(अपप)कंटेनरों में कचरे का हाथ से परिचालन निषेध हैं। यदि दबावों के कारण अपरिहार्य हो तो कचरे का हाथ से निपटान श्रमिकों की उचित देखभाल और सुरक्षा के साथ समुचित संरक्षण के तहत किया जाएगा।

(अपपप)कचरा उत्सर्जक अपने पृथक किए गए कचरे को नगर पंचायत द्वारा अथवा अधिसूचित अधिकृत कचरा संग्रहकर्ता द्वारा तैनात होपर/ऑटो–टिप्पर्स/रिक्शा आदि वाहनो में डालने के लिए जिम्मेदार होगें। बहुमंजिला इमारतों, अपार्टमेंटो, आवास परिसरों(इन उपनियमों के खंड 4 व उप–खंड(पअ) और (अ) के अंतर्गत आने वालों को छोड कर) से उत्सर्जित पृथक किए गए कचरे को ऐसे परिसरों के मुख्य द्वार से अथवा किसी अन्य निर्दिष्ट स्थान से एकत्र किया जाएगा।

(पग) कचरा संग्रह उपकरणों और वाहनों के चयन के लिए बदलती जरुरतों और प्रौद्योगिकी में नई खोजो को ध्यान में रखा जाएगा। कचरा एकत्र करने के लिए विशेष क्षमता वाले ऐसे ऑटो टिप्पर या वाहन इस्तेमाल किए जाएगें, जो ऊपर से हाईड्रोलिक तरीके से संचालित हूपर कवरिंग व्यवस्था से युक्त होगे और उनमें जैव अपघटीय और गैर–जैव अपघटीय कचरे के लिए अलग अलग दो कम्पार्टमेंट होंगे। ऐसे वाहनो पर हूटर भी लगा होगा।

(ग) स्वचालित ध्वनि रिकार्डिड उपकरण,घंटी या शोर के स्वीकार्य स्तर तक सीमित हॉर्न भी कचरा संग्रह वाहन में कचरा संग्रहकर्ताओं द्वारा इस्तेमाल किया जाएगा।

(गप) प्रत्येक प्राथमिक संग्रहण तथा ढुलाई वाहन के लिए मार्ग योजनाए और नगर पंचायत द्वारा या अधिसूचित अधिकृत कचरा संग्रहकर्ता द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। ये योजनाएं तालिकाबद्व और जीआईएस मानचित्र में होगी, जो नगर पंचायत द्वारा विधिवत रुप से अनुमोदित होगी और उनमें प्रारंभिक बिन्दु, प्रारंभ करने का समय, प्रतीक्षा स्थलों, मार्ग में रुकने का समय, अंतिम बिंदु और निर्दिष्ट मार्ग के अंतिम समय का उल्लेख होगा। नगर पंचायत अथवा अधिसूचित अधिकृत कचरा संग्रहकर्ता द्वारा प्रत्येक गली में एक बोर्ड लगाया जाएगा, जिस पर प्राथमिक कचरा संग्रह और ढुलाई वाहनों की समय सारणी प्रदर्शित की जाएगी,ताकि क्षेत्र के निवासी निर्धारित समय पर इस सुविधा का लाभ उठा सकें। ऐसी जानकारी नगर पचांयत की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

(गपप)तंग गलियों में, जहां ऑटो टिप्पर या वाहन की सेवाएं संभव न हों, वहां एक थ्रीव्हीलर अथवा छोटे मोटरयुक्त वाहन/ साईकिल रिक्सा काम पर लगाया जाएगा,जो ऊपर से हाईड्रोलिक तरीके से संचालित हूपर कवरिंग व्यवस्था से युक्त होंगा और उसमें गीले और सूखे कचरे के लिए अलग अलग दो कम्पार्टमेंट होंगे। ऐसे वाहनो में हूटर लगा होगा और वह मोबाइल ट्रांसफर स्टेशन के अनुकूल होगा।

(गपपप)अत्यंत भीड भाड वाले और अधिक तंग गलियों वाले क्षेत्रों में जहां थ्रीव्हीलर या छोटे वाहन भी न जा सकें वहां साइकिल रिक्शा अथवा अन्य प्रकार के उपयुक्त उपकरण तैनात किए जाएंगे।

(गपअ) ऐसी छोटी, तंग और भीडी गलियों/लेनों में जहा थ्रीव्लीहर/रिक्शा आदि का संचालन संभव न हो,ऐसे स्थानों पर बस्ति/गली के छोर पर खास जगह तय की जाएगी, जहां कचरा संग्रह वाहन खडा किया जा सके और वाहन के हेल्पर के पास एक सीटी होगी और वे सीटी बजाते हुए गली में ठोस कचरा संग्रहण के लिए वाहन के आगमन की घोषणा करेंगे। इस तरह की संग्रह प्रणाली की समय सारिणी नोटिस बोर्ड पर लगाई जाएगी और नगर पंचायत की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

(पआ) ऑटो टिप्पर, थ्रीव्हीलर्स, रिक्शा और सेवा में संलग्न किसी अन्य तरह के वाहन केवल घरों से कचरा एकत्र करेंगे, और अन्य स्रोतों जैसे ढलाव, खुले स्थलों, मैदान, कूडेदानों और नालियों आदि से कचरा एकत्र नहीं करेंगे।

(गअप) नगर निगम या उसके अधिसूचित अधिकृत कचरा संग्रहर्ता प्राथमिक कचरा संग्रहण के लिए क्षेत्र की सभी गलियों/लेनों को कवर करने के लिए जिम्मेदार होगें।

अध्याय–4
ठोस कचरे का द्वितीयक संग्रहण

6. द्वितीयक संग्रहण बिंदुओ में ठोस कचरे का संग्रहण निम्नांकित अनुसार किया जाएगा

(प) घरो में एकत्र किया गया पृथक ठोस कचरा, कचरा स्टोरेज डिपो, सामुदायिक कूड़ा घरों या अचल या चल अंतरण स्थलों या कचरे के द्वितीयक संग्रहण के लिए नगर पंचायत द्वारा निर्दिष्ट स्थानों पर ले जाया जाएगा।

(पप) ऐसे द्वितीयक संग्रहण बिंदुओ को कंटेनरों (निर्दिष्ट रंग के) से कवर किया जाएगा,जिनसे निम्नांकित के लिए अलग अलग स्टोरेज होगें:–

(क) गैर–जैव अपघटीय अथवा सूखा कचरा

(ख) जैव अपघटीय अथवा गीला कचरा

(ग) घरेलू जोखिमपूर्ण कचरा।

(पपप) पृथक किए गए कचरे के संग्रहण के लिए नगर पंचायत द्वारा चिन्हित अलग अलग कंटेनरो का इस्तेमाल निम्नांकित अनुसार किया जायेगा:–

- हरा: जैव अपघटीय कचरे के लिए
- नीला: गैर–जैव अपघटीय कचरे के लिए
- काला: घरेलू जोखिमपूर्ण कचरे के लिए

नगर निगम समय समय पर विभिन्न प्रकार के ठोस कचरे के संग्रहण और वितरण के लिए निर्धारित

गोदामों की रंग संहिता और अन्य मानदंड अधिसूचित करेगी ताकि कचरे का सुगम और सुरक्षित संग्रहण हो सके और किसी प्रकार का मिश्रण या रिसाव न हो, जिनका अनुपालन विभिन्न प्रकार के ठोस कचरा उत्सर्जकों को करना होगा।

(पअ) नगर पंचायत स्वयं अथवा बाहरी एजेंसियों के जरिए ठोस कचरा संग्रहण केंद्रो का संचालन इस ढंग से करेगी कि उनके आस पास अस्वास्थ्यकर और अस्वच्छ स्थितियां पैदा न हों।

(अ) द्वितीयक संग्रहण डिपुओं में विभिन्न आकार के कंटेनर नगर पंचायत या किन्ही अन्य निर्दिष्ट एजेंसियों द्वारा प्रदान किये जाएंगे, जो इस उप–नियमों में वर्णित अनुसार अलग अलग रंगो के होगे।

(अप) संग्रहण केन्द्रो का निर्माण और स्थापना इस बात को ध्यान में रख कर की जाएगी कि किसी निर्दिष्ट क्षेत्र में कचरे के उत्सर्जन की मात्रा कितनी है और जनसंख्या का घनत्व कितना है।

(अपप) संग्रहण केन्द्र इस्तेमालकर्ता अनुकूल होंगे और उनका डिजाइन इस तरह से तैयार किया जाएगा कि उनसे कचरा ढका रहे और संग्रहण किए गये कचरे का खुले वातावरण में कोई दुष्प्रभाव न पड़े।

(अपपप) सभी आवास सहकारी समितीयों, एसोसिएशनों, रिहायशी और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और द्वारबंद समुदायों का यह दायित्व होगा कि वे इन उप–नियमों द्वारा निर्धारित रंगीन कूडेदान रखें और स्वयं के परिसरों में समुचित स्थानो पर पर्याप्त संख्या में ऐसे कंटेनर रखें ताकि वहां हर रोज उत्सर्जित कचरा ठीक ढग से संगृहीत किया जा सकें।

(पग) नगर पंचायत या उसकी कोई निर्दिष्ट एजेंसी का यह दायित्व होगा कि वे सप्ताहिक आधार पर सभी कूडाघरों की धुलाई और संक्रमणमुक्त बनाने की व्यवस्था करें।

(ग) सूखे कचरे (गैर–जैव उपघटीय कचरा) के लिए रीसाइकलिंग सेंटर

(क) नगर पंचायत अपने वर्तमान ढलावों अथवा पहचान किए गए खास स्थानों को आवश्यकतानुसार रीसाइकलिंग केंद्रों के रुप में परिवर्तित करेगा, जिनका इस्तेमाल गलियों/घर घर जाकर कचरा एकत्र करने संबंधी सेवा के जरिए एकत्र किए गए सूखे कचरे को पृथक करने के लिए किया जाएगा। प्राप्त सूखे कचरे की मात्रा के अनुसार रीसाइकलिंग केंद्रों की संख्या बढाई जा सकती है।

(ख) गली/घर घर जाकर कचरा संग्रहण प्रणाली के जरिए और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से प्राप्त केवल सूखा कचरा (गैर–जैव अपघटीय) इन निर्दिष्ट रीसाइकलिंग केंद्रो को स्थानातरित किया जाएगा। ये निर्दिष्ट केंद्र केवल सूखा कचरा प्राप्त करेंगे।

(ग) परिवारों के लिए प्रावधान भी होगा कि वे अपना रीसाइकिल योग्य सूखा कचरा इन रीसाइकलिंग केंद्रों पर सीधे जमा करा सकते है अथवा अधिकृत एजेंटो और/या नगर पंचायत से अधिकृत कचरा व्यापारियों को पूर्व अधिसूचित दरो के अनुसार बेच सकते है। इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक रीसाइकलिंग यूनिट पर एक धर्मकांटा और काउंटर उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकृत एजेंट और/या अधिकृत कचरा व्यापारी को इस बात की अनुमति होगी कि वे रीसाइकिल योग्य कचरे को एसडब्ल्यूएम नियमों के प्रावधानों के अनुसार द्वितीयक बाजार अथवा रीसाइकलिंग यूनिटों को बेच सकते है। अधिकृत एजेंट और/या अधिकृत व्यापारी बिक्री से प्राप्त धनराशी रखने का हकदार होंगे।

(गप) निर्दिष्ट घरेलू जोखिमपूर्ण कचरे के लिए संग्रहण केंद्र

(क) घरेलू जोखिमपूर्ण कचरे के संग्रह के लिए एक संग्रहण केंद्र उपयुक्त स्थान पर स्थापित किया जाएगा, जहा निर्दिष्ट घरेलू जोखिमपूर्ण कचरे को प्राप्त किया जाएगा, ऐसा सरकार द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार यथासम्भव प्रत्येक वार्ड में स्थापित किया जाएगा और उसे कचरा प्राप्त करने का समय अधिसूचित करना होगा।

(ख) नगर पंचायत अपनी एजेंसी को या छूटग्राही को यह दायित्व सौप सकती है कि वह सभी कचरा उत्सर्जकों से घरेलू जोखिमपूर्ण कचरा पृथककृत तरीके से एकत्र करें।

(ग) इस तरह प्राप्त किया गया कचरा सरकार द्वारा स्थापित जोखिमपूर्ण कचरा निपटान केंद्रो पर अलग से लाया जाएगा।

अध्याय–5

ठोस कचरे की ढुलाई

7. ठोस कचरे की ढुलाई निम्नांकित बातों को ध्यान में रख कर की जाएगी:–

(प) कचरे की ढुलाई के लिए प्रयुक्त वाहन भलीभाति कवर्ड होंगे ताकि एकत्र कचरे का दुष्प्रभाव मुक्त वातावरण पर न पड़े। इन वाहनो में कम्पैक्टर और मोबाइल ट्रांसफर स्टेशन शामिल हो सकते है,जो नगर पंचायत द्वारा चुनी गई प्रौद्योगिकी पर निर्भर करेंगे।

(पप) नगर पंचायत द्वारा स्थापित संग्रहण केंद्र कचरे के निपटान के लिए हर रोज काम करेंगे। कूड़ेदान या कंटेनरों के आस पास के क्षेत्र को साफ रखा जाएगा।

(पपप) आवासीय और अन्य क्षेत्रों से एकत्र किया गया पृथककृत जैव अपघटीय कचरा प्रोसेसिंग प्लांटो जैसे कम्पोस्ट प्लांट, बायो–मिथिनेशन प्लांट या अन्य केंद्र तक कवर्ड तरीके से पहुचाया जाएगा।

(पअ) जहा कही प्रयोज्य हो, जैव अपघटीय कचरे के लिए, ऐसे कचरे की स्व–स्थाने प्रोसेसिंग को वरीयता दी जाएगी।

(अ) एकत्र किया गया गैर–जैव अपघटीय कचरा सम्बद्ध प्रोसेसिंग केंद्रो अथवा द्वितीयक संग्रहण में पहुचाया जाएगा।

(अप) निर्माण और विध्वंस जन्य कचरे की ढुलाई निर्माण एवं विध्वंस कचरा प्रबंधन नियम, 2016 के प्रावधानो के अनुसार की जाएगी।

(अपप) नगर पंचायत कचरे की समुचित ढंग से ढुलाई के प्रबंध करेगा। गलियों को बुहारने से उत्पन्न कचरा और नालियों से निकाली गई गाद काम समाप्त होने के तत्काल बाद हटाई जाएगी।

(अपपप) ढुलाई वाहनों का डिजाइन इस तरह से तैयार किया जाएगा कि अंतिम निपटारे से पहले कचरे के बार बार परिचालन से बचा जा सकें।

(पग) कचरा संग्रहण के लिए काम में लगाए गए वाहन कचरे को केवल एमटीएस अथवा एफसीटीएस, जहां कही प्रदान किए गए हों, में जमा/स्थानांतरित करेंगे।

(ग) यदि किसी कारणवश एमटीएस/एफसीटीएस निर्दिष्ट स्थल पर खडे नही पाए जाएगें, तो लदा वाहन एमटीएस अथवा एफसीटीएस के अगले निर्दिष्ट स्थल अथवा कचरे को उतारने के लिए नगर निगम द्वारा निर्दिष्ट स्थल तक जाएगा।

(गप) फिक्स्ड कम्पैक्टर ट्रासफर स्टेशन को हूक लोडर के जरिए एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाएगा।

(गपप) कचरे की ढुलाई के दौरान विभिन्न स्त्रोतों से उत्सर्जित कचरे का परस्पर मिश्रण नही होना चाहिए।

(गपअ) कचरे के गली स्तरीय संग्रहण और ढुलाई सेवाएं अवकाश के दिनों सहित हर दिन उपलब्ध कराई जाएंगी।

(गअ) इस सेवा में संलग्न एमटीएस केवल गली स्तरीय प्रचालनों से कचरा संग्रह करनें वाले निर्दिष्ट ऑटो–टिप्परों, तिपहिया या अन्य वाहनों/कूडादानों से कचरा प्राप्त करेंगा।

(गअप) परिवारों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से गली स्तरीय और घर घर जाकर ठोस कचरा संग्रह करने में लगे ऑटो–टिप्परों, तिपहिया वाहनो, रिक्शा आदि से कचरा प्राप्त करने के लिए एक अनुमोदित रुट प्लान के अनुसार निर्दिष्ट स्थानों पर प्रतिबद्ध एमटीएस तैनात किए जाएगें।

(गअपप) एमटीएस और एफसीटीएस का डिजाइन ऐसा होगा, जो कचरे को प्राथमिक संग्रहण वाहनों से उतारने में कम से कम समय लें और कूड़ा करकट इधर उधर न फैले।

(गअपपप) ठोस कचरे को स्थानांतरित करते समय एमटीएस और एफसीटीएस के इर्द गिर्द रिसे हुए कचरे को साफ किया जाना चाहिए, ताकि कोई रिसाव न बचे। ऐसे स्थान पर सफाई प्रक्रिया पूरी होने के बाद संक्रमण विरोधी पदार्थ इस्तेमाल किए जाने चाहिए।

(गअग) नगर पंचायत अथवा उसकी निर्दिष्ट एजेंसी सभी द्वितीयक संग्रहण केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे लगाएगी।

अध्याय–6
ठोस कचरे की प्रोसेसिंग

8. ठोस कचरे की प्रोसेसिंग :–

(प) नगर पंचायत ठोस कचरा प्रोसेसिंग केंद्रो और सम्बद्ध ढांचे के निर्माण, प्रचालन और रख–रखाव की स्वयं व्यवस्था करेगा अथवा किसी एजेंसी के द्वारा इस कार्य को अजाम देगा, ताकि ठोस कचरे के विभिन्न घटकों का अनुकूलतम उपयोग किया जा सके। इसके लिए निम्नांकित प्रौद्योगिकियों सहित उपयुक्त प्रौद्योगिकी अपनाई जाएगी और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा समय समय पर जारी दिशा–निर्देशों और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित मानको का अनुपालन किया जायेगा:–

(क) ढुलाई की लागत और पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को निम्नवत रखने के लिए विकेंद्रीकृत प्रोसेसिंग को वरीयता दी जाएगी, जैसे बायो–मिथेनेशन, माइक्रोवियल कम्पोस्टिंग, वर्मी कम्पोस्टिंग, एनायरोबिक डाइजेशन अथवा जैव अपघटीय कचरे की जैव–स्थिरता के लिए कोई अन्य उपयुक्त प्रोसेसिंग पद्धति;

(ख) केंद्रीकृत स्थलों पर स्थित मध्यम/बडे कम्पोस्टिंग/बायो–मिथेनेशन प्लांटो के जरिए;

(ग) कचरे से ऊर्जा प्रक्रियाओं के जरिए, ठोस कचरा अधारित बिजली संयंत्रो को कचरे के ज्वलनशील अंश के लिए रिफ्यूज डेराइव्य ईधन के रुप में अथवा फीड स्टॉक आपूर्ति के रुप में ईधन प्रदान करते हुए;

(घ) निर्माण और विध्वंस कचरा प्रबंधन प्लांटों के जरिए।

(पप) नगर पंचायत रिफ्यूज डेराइव्य फ्यूल (आरडीएफ) की खपत के लिए बाजार सृजित करने का प्रयास करेगा।

(पपप) कचरे से बिजली बनाने वाले प्लांट में सीधे भस्मीकरण के लिए कचरे का पूर्ण पृथक्करण अनिवार्य होगा और ऐसा करना सम्बद्ध अनुबंधो की कार्यशर्तो का हिस्सा होगा।

(पअ) नगर पंचायत सुनिश्चित करेगा कि कागज, प्लास्टिक, धातु, कांच, कपडा आदि रीसाइकिल योग्य पदार्थ रीसाइकिल करने वाली अधिकृत एजेंसियो को भेजा जाए।

9. ठोस कचरे की प्रोसेसिंग के लिए अन्य दिशा–निर्देश:–

(प) नगर पंचायत सभी निवासी कल्याण संगठनों, समूह आवास समितियों, बाजारों, द्वारबंद समुदायों और 5000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र रखने वाले संस्थानों, सभी होटलो एवं रेस्त्राओं, बैक्वेट हालों और इस तरह के अन्य स्थलों पर यथासंभव कम्पोस्टिंग अथवा बायो–मिथेनेशन के जरिए जैव अपघटीय कचरे वाले अन्य कचरा उत्सर्जकों को भी जैव अपघटीय कचरे की स्व–स्थाने प्रोसेसिंग को वरीयता दी जाएगी।

(पप) नगर पंचायत यह नियम प्रवृत्त करेगा कि सब्जी, फल, मांस, पोल्ट्री और मछली व्यापार मंडियां अपने जैव अपघटीय कचरे की प्रोसेसिंग करते समय स्वच्छ स्थितियां बनाए रखना सुनिश्चित करें।

(पपप)नगर पंचायत यह नियम प्रवृत्त करेगा कि बागवानी, उद्यानों और पार्कों से उत्सर्जित कचरे का निपटान अलग से यथासंभव पार्कों और उद्यानों में ही किया जाए।

(पअ)नगर पंचायत कचरा प्रबंधन में समुदाय को शामिल करने और घर पर ही कम्पोस्टिंग, बायो गैस उत्पादन, सामुदायिक स्तर पर कचरे की विकेंद्रीकृत प्रोसेसिंग को प्रोत्साहित करेगा। परंतु ऐसा करते समय बदबू को नियंत्रित रखना और तत्संबंधी यूनिट के आसपास स्वच्छता स्थितियां बनाए रखना अनिवार्य होगा।

अध्याय–7
ठोस कचरे का निपटान

10. ठोस कचरे का निपटान

नगर पंचायत अवशिष्ट कचरे और गलियों में झाड़ू लगाने से उत्सर्जित कचरे तथा नालियों से निकलने वाली गाद का निपटान एसडब्ल्यूएम नियमों के अंतर्गत निर्धारित ढंग और तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून द्वारा लागू किए गए किसी अन्य दायित्व के अनुरुप करने के लिए स्वयं अथवा किसी अन्य एजेंसी के जरिए सेनिटरी लैंडफिल और सम्बद्ध ढाचे का निर्माण, प्रचालन और रख–रखाव करेगा।

अध्याय–8
इस्तेमालकर्ता शुल्क और स्थल पर ही जुर्माना/दंड लगाना

11. ठोस कचरे का संग्रहण, ढुलाई, निपटान के लिए इस्तेमालकर्ता शुल्क:–

(क) कचरा उत्सर्जकों से कचरा संग्रहण, ढुलाई और निपटान हेतु सेवाएं प्रदान करने के लिए नगर पंचायत द्वारा इस्तेमालकर्ता शुल्क निर्धारित किया जाएगा। इस्तेमालकर्ता शुल्क की दरें अनुसूची–1 में निर्दिष्ट है।

(ख) कचरा उत्सर्जकों से निर्धारित इस्तेमालकर्ता शुल्क की वसूली नगर पंचायत अथवा अध्यक्ष/नगर पंचायत द्वारा अधिकृत एजेंसी या अधिकृत व्यक्ति द्वारा की जाएगी।

(ग) नगर पंचायत इन उपनियमों की अधिसूचना की तारीख से 3 माह के भीतर, इस्तेमालकर्ता शुल्क लगाने के प्रयोजन के लिए कचरा उत्सर्जन का डाटाबेस तैयार करेगा और इस्तेमालकर्ता शुल्क की बिलिंग/संग्रह/वसूली के लिए समुचित व्यवस्था विकसित करेगा। डाटाबेस को नियमित रूप से अद्यतन बनाया जाएगा।

(घ) नगर पंचायत ऑनलाइन भुगतान के सहित इस्तेमालकर्ता शुल्क की वसूली के लिए विभिन्न पद्धतियां अपनाएगा।

(ङ) इस्तेमालकर्ता वसूली के लिए महीने में विशेष दिन निर्धारित किए जाएंगे, जिसमें प्रत्येक महीने के पहले सप्ताह को वरीयता दी जाएगी।

(च) वार्षिक और छमाही भुगतान की प्रणाली अपनाई जाएंगी। यदि इस्तेमालकर्ता शुल्क समूचे वर्ष के लिए अग्रिम अदा किया जाता है, तो ऐसे में 12 महीने के बाजए 10 महीने का शुल्क लिया जाएगा। इसी प्रकार यदि इस्तेमालकर्ता शुल्क की वसूली का भुगतान 6 महीने के लिए किया जाता है तो शुल्क की मांग की राशि छह महीने के बजाये साढे पांच महीने के लिए वसूल की जाएगी।

(छ) अनुसूची 1 में वर्णित इस्तेमालकर्ता शुल्क प्रत्येक परवर्ती वर्ष की पहली जनवरी से स्वतः 10 प्रतिशत बढ जाएगा।

(ज) इस्तेमालकर्ता शुल्क की वसूली केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा एक सामान्य या विशेष आदेश के जरिए अधिकृत संस्थान/ व्यक्ति द्वारा की जाएगी।

(झ) इस्तेमालकर्ता शुल्क के भुगतान में चूक होने के मामले में सक्षम प्राधिकारी द्वारा चूककर्ता से उसकी वसूली भू–राजस्व के बकाये की भॉती वसूल की जायेगी।

12. एसडब्ल्यूएम नियमों के उल्लंघन के लिए जुर्माना/दंड :–

(क) एसडब्ल्यूएम नियमों अथवा इन उप–नियमों के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन अथवा अनुपालन करने में विफलता के लिए इन उप–नियमों के परिशिष्ट में दी गई अनुसूची 2 में वर्णित अनुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

(ख) उपरोक्त खंड (क) में वर्णित अनुसार उल्लंघन या गैर–अनुपालन की स्थिति बार बार आने पर ऐसी प्रत्येक चूक के लिए जुर्माना प्रतिदिन या महीना, जो भी लागू हो, के अनुसार लगाया जाएगा।

(ग) जुर्माना या दंड लगाने हेतु निर्दिष्ट/प्राधिकृत अधिकारी अधिशासी अधिकारी, चौकी थाना प्रभारी होगें तथा जिला मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष सामान्य या विशेष आदेश के अधीन अन्य अधिकारियों को भी नामित कर सकते हैं। जुर्माना/दंड राशि अनुसूचि 2 में दी गई है।

(घ) अनुसूची 2 में वर्णित जुर्माना अथवा दंड राशि प्रत्येक परवर्ती वर्ष की पहली जनवरी से स्वतः 5 प्रतिशत बढ जाएगी।

(ङ) निर्दिष्ट/प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा जुर्माना मौके पर लगाया और वसूल किया जाएगा। जुर्माने का भुगतान मौके पर जमा न करने में उक्त धनराशी भू–राजस्व के

बकाये की भांति वसूल की जायेगी एवं मामले में पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत निर्धारित अभियोजन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

अध्याय–9

प्रतिभागियों के दायित्व

13. कचरा उत्सर्जकों के दायित्वः–

(प) कूडा फेकने पर पाबंदी

(क) किसी सार्वजनिक स्थल पर कूडा फैलाना : अधिकृत सार्वजनिक या निजी कूडादानो के सिवाय कोई व्यक्ति किसी सर्वाजनिक स्थल पर कूडा नही फैलाएगा। कोई व्यक्ति विशेष प्रयोजन के लिए प्रावधान किए गए सार्वजनिक केद्रों या सुविधाओं को छोडकर किसी सार्वजनिक स्थल पर वाहनों की मरम्मत, बर्तन या कोई अन्य उपकरण धोने/साफ करने का काम नही करेगा या किसी प्रकार का संग्रहण नही करेगा।

(ख) किसी संपत्ति पर कूडा फैलाना : अधिकृत निजी अथवा सार्वजनिक कूडेदानों के सिवाय कोई व्यक्ति किसी मुक्त या रिक्त संपत्ति पर कूडा नही डालेगा।

(ग) वाहनों से कूडा फेकना : किसी वाहन के ड्राइवर या यात्री के रुप में कोई व्यक्ति किसी गली, सडक, फुटपाथ, खेल के मैदान, उद्यान, ट्रैफिक आइलैड या अन्य सार्वजनिक स्थान पर कूडा नही फैकेगा।

(घ) मालवाहक वाहन से गंदगी डालना : कोई भी व्यक्ति तब तक किसी ट्रक या अन्य मालवाहक वाहन को नही चलाएगा, जब तक कि ऐसे वाहन का निर्माण और लदान इस प्रयोजन के लिए अधिकृत न किया गया हो ताकि सडक, फुटपाथ, खेल का मैदान, उद्यान, ट्रैफिक आइलैड या अन्य सार्वजनिक स्थलो पर कोई लोड, पदार्थ अथवा गंदगी डालने से रोका जा सकें।

(ड) स्वयं/पालतू पशुओं से गंदगी : कुत्ता, बिल्ली आदि पालतू जानवरों के मालिकों का यह भी दायित्व होगा कि गली अथवा किसी सार्वजनिक स्थल पर ऐसे जानवरो द्वारा उत्सर्जित किसी प्रकार की गंदगी को तत्काल उठाएगा/साफ करेगा और इस तरह के उत्सर्जित कचरे के समुचित निपटान के लिए समुचित उपाय करेगा, जिनमें स्वयं की सीवेज प्रणाली से निपटान को वरीयता दी जाएगी।

(च) नालियों आदि में कचरे का निपटान : कोई व्यक्ति किसी नाली/नदी/खुले तालाब/जल निकायों में गंदगी नही डालेगा।

(पप) कचरे को जलाना : सार्वजनिक स्थानों पर या निजी स्थान पर या निषेध सार्वजनिक संपत्ति पर ठोस कचरे के किसी भी प्रकार के जलाने द्वारा निपटान निषिद्व होगा।

(पपप) "स्वच्छ क्षेत्र" : प्रत्येक व्यक्ति यह प्रयास करेगा कि उसके स्वामित्व या कब्जे वाले परिसर के सामने कोई भी सार्वजनिक स्थान अथवा आस पास का क्षेत्र स्वच्छ रहें। इन स्थानो में फुटपाथ और खुली नालियां/गटर, सडक किनारा सामिल है, जो किसी भी तरह ठोस या तरल कचरे से मुक्त होने चाहिए।

(पअ) सार्वजनिक सभाओं और किसी कारण (जुलूस, प्रर्दशनियां, सर्कस, मेले, राजनैतिक रैलियां, वाणिज्यक, धार्मिक, सामाजिक, सास्कृतिक कार्यक्रमों, विरोध प्रर्दशनो और प्रर्दशनो आदि सहित) से सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित की जाने वाली गतिविधयों, जिनमें पुलिस विभाग और/या नगर पंचायत से अनुमति अपेक्षित हो, के मामले में

ऐसी गतिविधियों के आयोजनकर्ता का यह दायित्व होगा कि वह उस क्षेत्र और आस पास के क्षेत्रों की स्वच्छता सुनिश्चित करें।

(आ) ऐसे आयोजनो के मामले में आयोजक से नगर पंचायत द्वारा अधिसूचित रिफंड योग्य स्वच्छता धरोहर राशि सम्बद्ध जोनल अधिकारी द्वारा प्राप्त की जाएगी, जो कार्यक्रम की अवधी में उसके पास जमा रहेगी। यह जमा राशि कार्यक्रम पूरा होने के बाद रिफंड की जाएगी लेकिन उससे पहले यह जांच की जाएगी कि उक्त सार्वजनिक स्थल की स्वच्छता बहाल कर दी गई हैं। यह धरोहर राशि सार्वजनिक स्थल की स्वच्छता के लिए होगी और इसमें संपत्ति को पहुचाई गई किसी भी प्रकार की क्षति का हर्जाना नहीं होगा। यदि आयोजनकर्ता, कार्यक्रम के आयोजन के परिणाम स्वरुप उत्सर्जित कचरे की सफाई, संग्रहण और ढुलाई में नगर पंचायत की सेवाए प्राप्त करना चाहते हो, तो उन्हे नगर पंचायत के सम्बद्ध जोनल अधिकारी को आवेदन करना होगा तथा इस प्रायोजन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा तय किया गया अपेक्षित शुल्क जमा करना होगा।

(अप) खाली प्लांट पर छोरा कचरा डम्प करने और गैर–निर्दिष्ट स्थानों पर निर्माण और विध्वंस कचरा डाले जाने की स्थितियों से नगर पंचायत निम्नांकित ढंग से निपटेगा :–

(क) नगर पंचायत किसी परिषर के मालिक/अधिभोगी को नोटिस भेज सकता है, जिसमें ऐसे मालिक/अधिभोगी से उक्त परिसर पर डाले गए किसी भी प्रकार के कचरे को नोटिस में वर्णित तरीके और समय सीमा के भीतर हटाने को कहा जाएगा।

(ख) यदि नोटिस पाने वाला व्यक्ति नोटिस में वर्णित अपेक्षाएं पूरी करने में विफल रहता है, तो ऐसे व्यक्ति को समय समय पर निर्धारित दंड का भुगतान करना होगा।

(ग) यदि नोटिस पाने वाला व्यक्ति नोटिस में वर्णित अपेक्षाओ का अनुपालन करने में विफल रहता है तो नगर पंचायत निम्नांकित कार्यवाई कर सकता है :–

(प) ऐसे परिसर में प्रवेश कर कचरे को साफ करना, और (पप) अधिभोगी से कचरा साफ करने पर किए गए व्यय को वसूल करेंगा।

(अपप) डिस्पोजेबल उत्पादों और सेनिटरी नेपकिन तथा डायपर्स के विनिर्माताओं या मालिकों का दायित्व :

(क) डिस्पोजेबल उत्पादो जैसे टिन, काच, प्लास्टिक पैकेजिंग आदि के सभी विनिर्माताओं अथवा नगर निगम के अधिकारी क्षेत्र में आने वाले बाजारो में ऐसे उत्पाद प्रारंभ करने वाले ब्रैड मालिकों को कचरा प्रबंधन प्रणाली के लिए नगर पंचायत को आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करनी होगी। नगर पंचायत इस प्रावधान के लिए केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के सम्बद्ध विभागों के साथ समन्वय कर सकती है।

(ख) ऐसे सभी ब्रैड मालिको को, जो गैर–जैव अपघटीय पैकेजिंग सामग्री में अपने उत्पाद बेचते या विपणन करते हैं, उन्हे ऐसी प्रणाली कायम करनी होगी, जिसमें उनके उत्पादन के कारण उत्सर्जित पैकेजिंग कचरे को वापस लिया जा सके।

(ग) सेनिटरी नेपकिन और डायपर्स विनिर्माता या ब्रैड मालिक या विपणन कंपनियां इस बात की संभावनाओं का पता लगाएंगी कि उनके उत्पादो में सभी रीसाइकिल योग्य पदार्थो का इस्तेमाल किस हद तक किया जा सकता है अथवा वे अपने सेनिटरी

उत्पादों के पैकेट के साथ एक ऐसा पाउच या रैपर उपलब्ध कराएंगी, जिनसें नेपकिन या डायपर का निपटान किया जा सके।

(घ), ऐसे सभी विनिर्माता, ब्रैंड मालिक या विपणन कंपनियां अपने उत्पादों की रैपिंग और डिस्पोजल के लिए लोगो को शिक्षित करेगी।

14. नगर पंचायत के दायित्व :

(प) नगर पंचायत अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले भूभाग में सभी साझा गलियों/मार्ग, सार्वजनिक स्थलों, अस्थाई बस्तियों, मलिन क्षेत्रों, बाजारों, स्वयं के उद्यानों, बागों, नालियों आदि की सफाई की नियमित प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगी। वह इसके लिए मानव संसाधन और मशीने लगाएगा तथा घोषित संग्रहण कंटेनर से कचरा एकत्र करने और उसे हर रोज बंद वाहनों में अंतिम निपटान स्थल तक पहुचाने के लिए बाध्य होगा, जिसके लिए नगर पंचायत अपने सफाई स्टाफ और वाहनों के अलावा, अनुबंध के आधार पर प्राइवेट पार्टियों को काम पर लगा सकता है, अथवा सरकारी–निजी भागीदार व्यवस्था का सहारा ले सकता है। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत सभी वाणिज्यक क्षेत्रों ऐसे वाणिज्यक क्षेत्रो की पहचान करेगा, जिनमें दिन में दो बार झाड़ू लगाने की आवश्यता हों।

(पप) नगर पंचायत अथवा उसके द्वारा संलग्न अधिकृत एजेंसी सार्वजनिक मार्गो, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, धार्मिक स्थलों और वाणिज्यिक क्षेत्रो आदि के आसपास पर्याप्त संख्या में और पर्याप्त आकार के कूड़ेदानों का रख रखाव करेगा।

(पपप) नगर पंचायत विकेंद्रीकृत और नियमित ढंग से ठोस कचरा प्रबंधन गतिविधियों के प्रयोजन के लिए प्रत्येक वार्ड में एक वार्ड अधिकारी निर्दिष्ट करेगा, ताकि वह कंटेनरों, सार्वजनिक शौचालयों, सामुदायिक शौचालयों अथवा सर्वाजनिक स्थलो पर बने पेशाबघरों, सर्वाजनिक कचरे के लिए बनाए ट्रांसफर स्टेशन, लैंडफिल प्रोसेसिंग यूनिटों आदि स्थानो की निगरानी रख सके।

(पअ) सक्षम प्राधिकारी ठोस कचरे के प्रथक्करण, संग्रह, ढुलाई, प्रसंस्करण और निपटान कार्यो की प्रगति पर निगरानी रखने के लिए पर्याप्त संख्या में वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा, जिसमें कम से कम लेखा लिपिक या समकक्ष रैंक के अधिकारियों को वरीयता दी जाएगी।

(आ) प्रत्येक वार्ड निर्धारित मानदंड के आधार पर स्वीपिंग बीट्स में विभाजित किया जाएगा और उसमें तदनुरुप कार्मिक तैनात किए जाएंगे या वर्तमान तैनाती युक्तिसंगत बनाया जाएगा तथा अद्यतन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए उनके काम पर निगरानी रखी जाएगी। नगर पंचायत जहां कही अपने स्टाफ से स्वीपिंग कराने में असर्मथ होगा, तो वह अनुबंध के जरिए बाहरी एजेंसियों से यह काम करा सकती हैं। प्रत्येक बीट का निरीक्षण दिशा निर्देशों के अनुसार निर्धारित दैनिक आधार पर सुपरवाइजिंग अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

(आप) नगर पंचायत अद्यतन सड़क/गली क्लिनिंग मशीनों, मैकेनिकल स्वीपरो अथवा उपकरणों का इस्तेमाल करेगा, जिनसे झाड़ू लगाने और नालियों की सफाई की सक्षमता में सुधार होगा।

(अपप) नगर पंचायत सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) अभियान के माध्यम से जागरुकता और संवेदनशीलता पैदा करेगा तथा कचरा उत्सर्जको और अन्य हितभागियो को एसडब्ल्यूएम नियमों और इन उप–नियमों के विभिन्न प्रावधानों के बारे में प्रशिक्षित करेंगा, जिसमें इस्तेमालकर्ता शुल्क और जुर्माना/दंड संबंधी प्रावधानो की जानकारी पर विशेष बल दिया जाएगा।

(अपपप) नगर पचांयत कचरा उत्सर्जकों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करेगा कि वे गीले कचरे का स्रोत पर ही उपचार करे। नगर पंचायत विकेंद्रीकृत प्रौद्योगिकियों, जैसे बायो–मिथेनेशन, कम्पोस्टिग आदि अपनाने के लिए प्रोत्साहन देने पर भी विचार कर सकता है। इन प्रोत्साहनों में परिवारों, निवासी कल्याण संगठनो और संस्थानों आदि को पुरस्कृत और सम्मान प्रदान करना, उनके नाम सम्बद्व वेबसाइटों में प्रकाशित करना अथवा संपत्ति कर आदि में छूट प्रदान करना शामिल हो सकते है।

(पग) नगर पंचायत स्वयं द्वारा रख रखाव किए जा रहें सभी पार्कों, उद्यानों और जहां कही संभव हो, अपने अधिकार क्षेत्र वाले अन्य स्थानों पर चरणबद्व तरीके से रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग समाप्त करेगा और उनमें कम्पोस्ट का इस्तेमाल करेगा। अनौपचारिक कचरा रीसाइकलिंग क्षेत्र द्वारा किए जाने वाले रीसाइकलिंग उपायों के लिए प्रोत्साहन भी प्रदान किए जा सकते है।

(ग) नगर पंचायत ठोस कचरा प्रबंधन प्रणालियों को सुचारु और औपचारिक बनाने के उपाय करेगा और यह प्रयास करेगा कि कचरा प्रबंधन में अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों (कचरा बीनने वालों) को वरीयता दी जाए, ताकि उनके कार्य स्थितियों को उन्नत बनाया जा सके और उन्हे ठोस कचरा प्रबंधन की औपचारिक प्रणाली में सगाहित एवं एकीकृत किया जा सकें।

(गप) नगर पंचायत यह सुनिश्चित करेगा कि स्वच्छता सेवा के सुविधा प्रदाता द्वारा अपने उन श्रमिकों को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सहित वर्दी, फ्लोरेसेंट जैकेट, दस्ताने, रेनकोट, सामुचित फुटवेयर और मास्क प्रदान किए जाएं, जो ठोस कचरा परिचालन कार्य करते है और यह भी कि ऐसे श्रमिकों द्वारा इन वस्तुओं का इस्तेमाल किया जाए।

(गपप) नगर पंचायत कचरे के संग्रहण, परिवहन और परिचालन में शामिल स्वयं और बाहरी एजेंसी के स्टाफ की व्यवसायिक सुरक्षा सुनिश्चित करेगा और इसके लिए उन्हें व्यक्तिगत संरक्षा के उपयुक्त और समुचित उपकरण प्रदान करेगा।

(गपपप) किसी ठोस कचरा प्रोसेसिंग या उपचार या निपटान केंद्र अथवा लैंडफिल साइट पर कोई दुर्घटना होने की स्थिति में, उस केंद्र का प्रभारी अधिकारी तत्काल नगर पंचायत को रिर्पोट करेगा, जो स्थिति की समीक्षा करने के बाद उस केंद्र के प्रभारी अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी करेगा।

(गपअ) नियमित जांच : अध्यक्ष द्वारा प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी वार्ड के विभिन्न भागों और ठोस कचरे के संग्रहण, ढुलाई, प्रोसेसिंग और निपटान से संबंधित अन्य स्थानों की नियमित जांच करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एसडब्ल्यूएम नियमों और इन उप–नियमों के विभिन्न प्रावधानों का पालन हो रहा हैं।

(गअ) नगर पंचायत अपने मुख्यालय में कॉल सेंटर की स्थापना के जरिए सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (पीजीआरएस) विकसित करेगा। इस पीजीआरएस में

एसएमएस आधारित सेवा, मोबाइल अप्लीकेशन अथवा वैब आधारित सेवाएं शामिल हो सकती हैं।

(गअप) नगर पंचायत एसडब्ल्यूएम नियमों और उप–नियमों के कार्यान्वयन से सम्बद्ध कर्मचारियों की उपस्थिकत दर्ज करने के लिए कार्ड प्रोद्योगिकियों/आईसीटी प्रणाली कायम करेगा तथा ऐसी प्रणाली को वेतन/दिहाडी/परिश्रमिक के साथ एकीकृत करने के प्रयास करेगा।

(गअपप) पारदर्शिता और सर्वाजनिक पहुच : अधिक पारदर्शिता और सार्वजनिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम अपनी वेबसाइट से सारी आवश्यक सूचनाऐ प्रदान करेगा।

(गअपपप) नगर पंचायत एसडब्ल्यूएम नियमों में वर्णित सभी अन्य दायित्व पूरे करेगा, जो इन उपनियमों में विशेष रुप से उल्लिखित नही किए गये हैं।

अध्याय–10

विविध

15. इन उपनियमों की व्याख्या या कार्यान्वयन में कोई संदेह या कठिनाई आने की स्थिति में उसे अध्यक्ष, नगर पंचायत के समक्ष रखा जाएगा, जिसका निर्णय ऐसे मामले में अंतिम होगा।

16. सरकारी निकायों के साथ समन्वय : नगर पंचायत अन्य सरकारी एजेंसियों और प्राधिकरणों के साथ समन्वय करेगा, ताकि इन उपनियमों का अनुपालन ऐसे निकायों के अधिकार क्षेत्र या नियंत्रण में आने वाले इलाकों सुनिश्चित किया जा सके। कोई कठिनाई होने की स्थिति में उत्तराखण्ड सरकार के मुख्य सचिव के समक्ष विचारार्थ रखा जाएगा।

17. सक्षम प्राधिकारी ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 और इन उप–नियमों के समुचित कार्यान्वयन के लिए समय समय पर सामान्य या विशेष आदेश जारी कर सकते हैं

अनुसूची–1

ठोस कचरा प्रबंधन के लिए इस्तेमालकर्ता शुल्क

1	2	3
क्र सं	अपशिष्ट उत्पादक की श्रेणी/अपशिष्ट का प्रकार	प्रतिमाह सेवा शुल्क(यूजर चार्जेज रुपये में)
1.	गरीबी रेखा से नीचे के घर(बी.पी.एल कार्ड धारक)	कच्ची झोपडी रु 10.00, पक्का मकान रु 20.00
2.	कम आय वाले घर(बी.पी.एल कार्ड धारक के अतिरिक्त रु 5000.00 प्रतिमाह तक की आय वाले घर)	रु 40.00
3.	मध्यम आय वाले घर (रु 5000.00 से अधिक रु 10000.00 तक प्रतिमाह आय वाले घर)	रु 60.00
4.	उपरोक्त के अतिरिक्त घर	रु 100.00
5.	सब्जि एवं फल विक्रेता	ठेली पर फेरी में रु 6.00 प्रतिदिन,दुकान एवं फड पर रु 100.00 प्रतिदिन
6.	मांस एवं मछली विक्रेता	न्यूनतम 200.00 रु 10 कि0ग्रा0 तक,उससे

		अधिक पर रु 01.00 प्रति कि0ग्रा0 प्रतिदिन अतिरिक्त
7	रेस्टोरेन्ट	छोटे रु 300.00, मध्यम रु 800.00 तथा बडे रु 2000.00
8.	होटल/लॉजिग/गेस्ट हाऊस	20 बेड तक रु 300.00, 21 बेड से 40 बेड तक रु 500.00 एवं 41 से अधिक बेड तक रु800.00
9.	धर्मशाला	रु 1.50 प्रति कमरा प्रतिमाह
10.	बरातघर(चेरिटेबिल) बरातघर(नॉन–चेरिटेबिल)	रु 200.00 प्रति उत्सव रु 1000.00 प्रति उत्सव
11.	बेकरी	रु 150.00
12.	कार्यालय	50 कर्मचारियो तक रु 200.00, 51 से 100 कर्मचारियों तक रु 400.00,101 से 300 कर्मचारियों तक रु 500.00 तथा उससे अधिक कर्मचारियों वाले कार्यालय से रु1000.00
13.	संस्थाएं(आवासीय)	100 बेड तक के लिए रु 2000.00,उससे अधिक रु 10.00 प्रति बेड अतिरिक्त
14.	संस्थाएं(अनावासीय)	500 विधार्थियो तक रु1000.00,उससे अधिक रु15000.00
15.	हॉस्पिटल/नर्सिंग होम (बायोमेडिकल वेस्ट को छोडकर)	20 बेड तक रु 500, 21 बेड से 40 बेड तक रु1000.00 एवं 41 से 100 बेड तक रु 2000.00,उससे अधिक रु 25000.00
16.	क्लीनिक/पैथोलोजी	क्लीनिक रु100.00, पैथोलोजी रु 500.00
17.	दुकान/चाय की दंकान	मौहल्ले की छोटी दुकान रु 50.00, बाजार की दुकान रु 75.00, शोरुम रु 200.00, छोटे मॉल रु 1000.00,बहुमंजिला मॉल रु 2000.00, अपने मकान के कमरे में खुली छोटी दुकान निशुल्क
18.	फैक्ट्री	छोटी रु 600.00, मध्यम रु 1000.00, बडी रु 1000.00
19.	वर्कशॉप	छोटी रु 400.00,बडी रु 1000.00
20.	कबाडी	छोटी रु 200.00,बडी रु 500.00
21.	जूस/गन्ने का रस विक्रेता	रु 10.00 प्रतिदिन

22.	सार्वजनिक/निजी स्थलों पर सर्कस/प्रदर्शनी/विवाह आदि आयोजन जिनमें अपशिष्ट उत्पन्न हो	रु 600.00 होटलों में, विवाह रु 2000.00 प्रति उत्साह
23.	ढहान तथा निर्माण सम्बन्धी अपशिष्ट	0.50घन मी0 तक रु. 200.00, 1.0घन मी0 तक रु 400.00, 3.0घन मी0 तक रु 1000.00, 6.0घन मी0 तक रु 2000.00,इससे अधिक प्रतिघन मी0 रु 200.00 अधिक
24.	सिनेमा हॉल	रु 600.00 प्रतिमाह
25.	उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य(प्रतिस्थान की स्थिति के अनुसार)	रु 200.00 से रु 2000.00 तक

इस्तेमालकर्ता शुल्क/प्रभार का भुगतान मांग जारी होने से 30 दिन के भीतर न किए जाने की स्थिति में इस्तेमालकर्ता शुल्क/प्रभार पर 10 प्रतिशत की दर से विलंब भुगतान/प्रभार (एलपीएससी) लगाया जाएगा।

अनुसूची–2
जुर्माना/दंड

क्र सं	नियम/उप नियम संख्या	अपराध	निम्नांकित पर लागू	प्रत्येक चूक के लिए जुर्माना (रुपये में)
1.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(1)(क)	कचरे को पृथक करने और संग्रह करने तथा पृथक्कृत कचरे को इन नियमों के अनुसार सौपने में विफल रहना	आवासीय	200
			बल्क जन्रेटर	500
			5000 मीटर से कम क्षेत्र वाले विवाह/पार्टी हाल, फेस्टिवल हाल, पार्टी लान, प्रदर्शनी और मेले स्थल	10,000
			5000 मीटर से कम क्षेत्र वाले क्लबों, सिनेमाघरों, पब्स, सामुदायिक हॉल, मल्टीप्लेक्सेज और अन्य ऐसे स्थान	5000
			5000 मीटर से कम क्षेत्र वाले अन्य गैर–आवासीय स्थान	500

			फिस,गीट विकेता द्वारा कूडे को पृथ्थकरण तरीके से न रखना	500
	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(2)	सडक/गली में 1. कूडा फैकना,थूकना 2.नहाना,पैशांब करना, जानवरो को चारा खिलाना, कपडे धोना, वाहन धोना,गोबर नाली में बहाना	उल्घनकर्ता	200 से 500 एवं कार्यवाही उत्तराखण्ड कूडा फेकना एवं थूकना प्रतिषेध अधिनियम 2016 के अन्तर्गत होगी। 500
2.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(1)(ख) और (घ)	नियमानुसार सेनिटरी कचरे का निपटान करने में विफल रहना। नियम के अनुसार बागवानी और उद्यान कचरे के निपटान में विफल रहना।	आवासीय	200
			गैर–आवासीय/बल्क जन्रेटर	500
3.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(1)(ग)	नियम के अनुसार निर्माण और विध्वंस कचरे के निपटान में विफल रहना।	आवासीय	1000
			गैर–आवासीय/बल्क जन्रेटर	5000
4.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(2), 15(ट),	ठोस कचरे को खुले में जलाना	उल्लंघनकर्ता	5000
5.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(4)	निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किए बिना किसी गैर लाइसेंसीकृत स्थल पर 100 व्यक्तियों से अधिक की भागीदारी के साथ कार्यक्रम या सभा का आयोजन करना	ऐसा कार्यक्रम या सभा आयोजित करने वाले व्यक्ति अथवा ऐसा व्यक्ति जिसकी ओर से ऐसा कार्यक्रम या सभा आयोजित की गई हो और इवेंट मैनेजर यदि कोई हो, जिसने कार्यक्रम या सभा	10,000

			आयोजित की हो	
6.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(5)	नियम के अनुसार कचरे का निपटान करने में विफल रहने वाले गली विक्रेता/वेन्डर कूडादान न रखने एवं कूडे को पृथ्थकरण न करने,अपशिष्ट भण्डारन डिपो या पात्र या वाहन में डालने में विफल रहने पर	उल्लंघनकर्ता	200
7.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(2), 15(छ)	सार्वजनिक स्थलो, सडको, गलियों आदि में गंदगी फैलाना/कुत्ते/अन्य जानवरो द्वारा मल त्याग/उत्सर्जित कचरे के निपटान में विफलता	अपराधी	500
निम्नांकित उल्लंघनों के लिए महीने में केवल एक बार जुर्माना लगाया जाएगा				
8.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(6)	नियमों के अनुसार कचरे का निपटान में विफलता	निवासी कल्याण एसोसिएशन, आर. डब्ल्यू.ए	10,000
			बजार एसोसिएशन,संघ	20,000
9.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(7)	नियमों के अनुसार कचरे का निपटान में विफलता	द्वारबंद समुदाय	10,000
			संस्थान	20,000
10.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 4(8)	नियमों के अनुसार कचरे का निपटान में विफलता	होटल	50,000
			रेस्टोरेंट	20,000
11.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 17(2)	उत्पादन के कारण सृजित पैकेजिंग कचरे को वापस लेने की प्रणाली कायम किये बिना डिस्पोजल उत्पादों	विनिर्माता और/या ब्रॉड ऑनर/स्वामी	1,00,000
		की बिक्री अथवा विपणन		
12.	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 17(3)	नियमों के अनुसार उपाय करने में विफलता	विनिर्माता और ब्रॉड स्वामी और विपणन कुपनियां	50,000

13	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 15य(ङ)	नियमों के उपाय करने, भवन योजना में अपशिष्ट संग्रहण केन्द्र स्थापित करने में विफलता	उल्लंघनकर्ता, ग्रुप हाउसिंग सोसाईटि या मॉर्केट काम्पलेक्स आदि	50,000
14	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 20(ग)	गलियों, पहाडियों, सार्वजनिक स्थलो में अपशिष्ट यथा कागज, पानी की बोतल, शराब की बोतल, सोफ्ट ड्रिक, कैन, टैट्रा पैक अन्य कोई प्लास्टिक या कागज अपशिष्ट को फैकने पर	उल्लंघनकर्ता / पर्यटक / वाहन / चालक	1000
15	एसडब्ल्यूएम नियमों का नियम 20(घ)	नगर निगम की उप विधि को होटल / अतिथिग्रह में बोर्ड लगाकर व्यवस्था करने में विफलता	उल्लंघनकर्ता / होटल / अतिथिग्रह स्वामी	1000
16		सार्वजनिक सभाओं (जलूस प्रर्दशिनियों, सर्कस, मेले, राजनैतिक रैलिया, वाणिजिक, धार्मिक, सास्कृतिक कार्यक्रमों, विरोध प्रर्दशन आदि सहित से सार्वजनिक स्थलो पर आयोजित गतिधियों के क्षेत्र एवं आस–पास के क्षेत्रों की स्वच्छता सुनिश्चित करने में विफलता)	आयोजनकर्ता	5000

शाहिद अली,
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत पिरान कलियर,
जनपद हरिद्वार।

सखावत,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत पिरान कलियर,
जनपद हरिद्वार।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 35 हिन्दी गजट / 348–भाग 8–2024 (कम्प्यूटर / रीजियो)।
मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।